रोहतक

गुरुवार 2 अप्रैल 2026

चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 30, अंक : 57
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 33.0
न्यून. 13.9

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



हनुमान जन्मोत्सव की मंगलकामनाएं

# चंडीगढ़ में भाजपा मुख्यालय के बाहर ब्लास्ट, खालिस्तानी ग्रुप ने ली जिम्मेदारी

## पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों के शीशे टूटे दीवार पर बने 70 से 80 छर्रे जैसे निशान

## सीसीटीवी में दो संदिग्ध बम फेंकते दिखे बाइक से ऑफिस के पास घूमते नजर आए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

चंडीगढ़ में भाजपा के पंजाब मुख्यालय के बाहर बुधवार शाम 5 बजे ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट के बाद वहां पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों के शीशे टूट गए। भाजपा ऑफिस की दीवार पर 70 से 80 छर्रे जैसे निशान बन गए। धमाके के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी वायरल हुई है, जिसमें इस ब्लास्ट की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी सुखजिंदर सिंह बब्बर ने ली। ब्लास्ट की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंच गई। भारतीय सेना और एनआईए की टीम भी मौके पर जांच करने में जुटी हैं। बम व डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीमों के जरिए पूरे इलाके को खंगाला जा रहा है। टीम ने विस्फोटक के टुकड़ों की भी जांच की। पुलिस को सीसीटीवी में 2 संदिग्ध बम फेंकते नजर आए हैं। ये दोनों बाइक पर भाजपा ऑफिस के आसपास आते-जाते नजर भी आ रहे हैं। इनकी तलाश की जा रही है। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) भी मौके पर जांच में जुटा हुआ है।

*धमाके के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल हुई*

*आतंकवादी सुखजिंदर बोला हमने किया विस्फोट*

*पंजाब में बनेगा खालिस्तान खालसा करेगा राज*

*फोरेंसिक और एनआईए की टीम कर रही विस्फोट की जांच*

*पूरे इलाके को सील किया चप्पे चप्पे पर बारीक नजर*



### पोस्ट में लिखा-पंजाब की धरती खालसा की धरती है

इस वारदात की जिम्मेदारी एक खालिस्तानी आतंकी ने ली है। उसकी तरफ से लिखा गया है- सुखजिंदर सिंह बब्बर 1 अप्रैल 2026 को चंडीगढ़ सेक्टर-37 में हुए ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी लेता है। हम भारतीय सिस्टम को बताना चाहते हैं कि पंजाब के सिख नौजवानों को खत्म करने के जितने मर्जी हथकंडे इस्तेमाल कर लो, दसमेश पिता का खालसा पंथ इसका मुंहतोड़ जवाब देगा। पोस्ट में आगे लिखा है- गुरदासपुर में रणजीत सिंह के हत्यारे को भी नहीं बख्शा जाएगा। पंजाब की धरती धरती खालसा की धरती है। पंजाब में खालिस्तान बनेगा। खालिस्तान जिंदाबाद। खालसा राज करेगा।

### सीसीटीवी में दिखे संदिग्धों पर ही शक की सूई

ब्लास्ट से करीब 10 मीटर दूर स्थित पेट्रोल पंप से सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया, जिसमें दो युवक बम फेंकते और धमाके के तुरंत बाद बाइक पर भागते दिख रहे हैं। इनके ही हमलावर होने का दावा किया जा रहा है। पुलिस इनकी तलाश में जुटी हैं।

### स्कूटी में धमाका करने का शक

चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर ने कहा- पूरे मामले की जांच की जा रही है। अभी ब्लास्ट किसने और क्यों किया, इसमें कौन सा विस्फोटक इस्तेमाल हुआ, इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। हालांकि पुलिस को यहां खड़ी स्कूटी में भी धमाका होने का शक है, जिसके लिए क्रूड बम जैसी चीज प्रयोग की हो सकती है। फोरेंसिक टीम से भी इसकी जांच कराई जा रही है।

### बम जैसी आवाज दूर तक सुनाई दी

चंडीगढ़ एसएसपी कंवरदीप कौर ने कहा- हमें 5 बजे सूचना मिली ली थी कि पंजाब भाजपा दफ्तर के पास बम जैसी आवाज दूर तक सुनाई दी। सूचना के बाद टीमें पहुंची हैं। एक क्रूड जैसी चीज फेंकी गई। एनआईए समेत जांच एजेंसी मौके पर पहुंच गई। सेंटर फोरेंसिक की टीम, क्राइम ब्रांच की टीम पहुंची है। सारी जांच की जा रही है। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

### कौन है रणजीत सिंह

22 फरवरी 2024 को गुरदासपुर के एक गांव में एक एएसआई और एक होमगार्ड जवान की हत्या हुई थी। पुलिस ने इस मामले में रणजीत सिंह नाम के युवक को पकड़ा। पुलिस ने कहा था कि उसी ने दोनों का कत्ल किया। उसके पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई हैंडलर्स के साथ लिंक हैं। पुलिस के मुताबिक, 25 फरवरी को रणजीत को हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था, तभी उसने भागने की कोशिश की। जवाबी फायरिंग में वह मारा गया। परिवार का आरोप था कि यह फर्जी एनकाउंटर है। 12 दिनों तक परिवार से संस्कार नहीं किया था। इस मामले का पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया था।



रोहतक में भी बुधवार को 300 से अधिक पेड़ों को काट दिया गया।

पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर हाईकोर्ट का ऐतिहासिक आदेश

कहा-यहां देश का सबसे कम वन क्षेत्र

पंचकूला गोल्फ कोर्स और सेक्टर 1 ए में पेड़ों की कटाई से जुड़ा है मामला

यहां योजना के तहत 5000 से अधिक पेड़ों की होनी है कटाई

# हरियाणा में बिना इजाजत के न करें पेड़ों की कटाई : हाईकोर्ट

*अदालत ने घटते वन क्षेत्र को लेकर जताई चिंता*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर एक ऐतिहासिक और सख्त आदेश पारित करते हुए हरियाणा में पेड़ों की कटाई पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने न केवल वर्तमान मामले में पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई, बल्कि पूरे राज्य में बिना अदालत की पूर्व अनुमति के किसी भी प्रकार की वृक्ष कटाई पर भी प्रतिबंध लगा दिया। अदालत ने यह आदेश राज्य में वन क्षेत्र की स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने टिप्पणी की कि हरियाणा में वन आवरण देश में सबसे कम स्तर पर पहुंच चुका है, जो गंभीर पर्यावरणीय संकट की ओर संकेत करता है।

### 17.57 हेक्टेयर वन भूमि को करना है डायवर्ट

यह मामला विशेष रूप से जीरकपुर–पंचकूला एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे परियोजना से जुड़ा हुआ है, जिसे लेकर जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में दावा किया गया है कि यह परियोजना ट्राइसिटी क्षेत्र के पर्यावरणीय संतुलन के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। प्रस्तावित परियोजना के तहत लगभग 17.57 हेक्टेयर वन भूमि को डायवर्ट किया जाना है और 5000 से अधिक परिपक्व पेड़ों को काटने की योजना है।

### हरित क्षेत्र प्रभावित होंगे

याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि इस परियोजना से पंचकूला के प्रमुख हरित क्षेत्र प्रभावित होंगे, जिनमें पंचकूला गोल्फ कोर्स, सेक्टर-1 ए का ग्रीन बेल्ट और घग्गर नदी के किनारे स्थित वन क्षेत्र शामिल हैं। यह इलाका ट्राइसिटी का "ग्रीन लंग" माना जाता है, जो वायु गुणवत्ता और जैव विविधता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए न केवल तत्काल राहत दी, बल्कि राज्य सरकार और संबंधित विभागों को भी स्पष्ट संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### इन मामलों का जिक्र

याचिका में वृक्षों की कटाई रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई थी, साथ ही 31 जुलाई, 2025 की फर्स्ट फेस की वन स्वीकृति और 8 जनवरी, 2026 की द्वितीय चरण की स्वीकृति, और 17.57 हेक्टेयर (43.416 एकड़) वन भूमि के डायवर्जन की अनुमति देने वाली सभी परिणामी स्वीकृतियों को रद्द करने की प्रार्थना की गई थी। याचिका में प्रस्तावित 6-लेन जीरकपुर बाईपास/एक्सेस-कंट्रोल्ड स्पर कनेक्टिविटी परियोजना को चुनौती दी गई थी।

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

A++ Grade Accredited by NAAC
THE World University Rankings 2026: 501+ Cohort Globally; 5th India Rank
QS World University Rankings 2026: 1st in Odisha; 9th in India among pvt. universities
nirf 2025: 17th Among Indian Universities
NBA: Tier 1 Re-accredited by NBA
ABET: ABET (US) Accreditation
IET Accredited Programme: The Institute of Engineering and Technology
Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
Partnership with UN VOLUNTEERS

KIITEE 2026
APPLY NOW
through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
No Examination Fee (Computer-Based Test)




Scan to Apply

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes
[All 4 years Programmes are with Honors/Research]

B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication
- Biotechnology

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- Integrated M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- B.Sc. (Fintech & Business Analytics)
- B.Sc. (Statistics & Data Analytics)
- BA LLB (Hons) (5 Years)
- BBA LLB (Hons) (5 Years)
- B.Sc LLB (Hons) (5 Years)

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA-IEV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- MBA (2 Years)
- MBA-Rural Management (2 Years)
- MBA-Agribusiness (2 Years)
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

2025 Placement Highlights
750+ Companies | 6000+ Job Offers | ₹53 LPA Highest Salary Offered | ₹8.50 LPA Average CTC | 1500+ Paid Internships

Director Admissions, Admission Cell (Koel Campus), KIIT DU, Bhubaneswar, Odisha, India-751024 | admission@kiit.ac.in | kiitee.ac.in | 8080 735 735

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

## खबर संक्षेप

### सूरजमुखी का बीज 7721 रुपये क्विंटल मिलेगा

**चंडीगढ़।** हैफेड ने 1 अप्रैल को एक प्रकाशित समाचार को गलत, भ्रामक बताया है, इसमें हैफेड द्वारा जारी खरीद संबंधी निर्देशों में सूरजमुखी के बीज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का गलत उल्लेख किया था। हैफेड प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि खरीद संबंधी निर्देश हैफेड द्वारा दिनांक 19 मार्च 2026 के पत्र के माध्यम से जारी किए गए थे। हालांकि, एक अनजाने लिपिकीय त्रुटि के कारण सूरजमुखी के बीज का एमएसपी चालू वर्ष के एमएसपी के बजाय गलती से 6540 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज कर दिया गया था। जिसमें चालू वर्ष के सूरजमुखी के बीज का सही एमएसपी यानी 7721 प्रति क्विंटल शामिल किया गया था।

### एसजीएसटी संग्रह में 21.5% की वृद्धि दर्ज

**चंडीगढ़।** राज्य ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में सभी राज्यों में एसजीएसटी संग्रह में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा आज जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, हरियाणा ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में पोस्ट-सेटलमेंट एसजीएसटी संग्रह 48,289 करोड़ रुपये दर्ज किया, जो कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के 39,743 करोड़ रुपये की तुलना में 21.5 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि राष्ट्रीय औसत 5.7 प्रतिशत से काफी अधिक है, जो कर संग्रह में हरियाणा के मजबूत प्रदर्शन को दर्शाती है।

### मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल जल्द खुलेगा

**चंडीगढ़।** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग आयुक्त एवं सचिव अमित अग्रवाल ने जिला उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा के साथ बुधवार को फरीदाबाद जिले की मोहना अनाज मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडी से जुड़ी समस्याओं को लेकर किसान, आढ़ती व अन्य संबंधित हितधारकों से चर्चा कर फीडबैक लिया। उन्होंने किसानों के आश्वस्त करते हुए कहा कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। पंजीकरण से किसी कारण वंचित किसानों को पुनः पंजीकरण की सुविधा जल्द मिलेगी।

### बिजली शिकायतों पर सुनवाई छह से

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिले कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 6, 13, 20 और 27 अप्रैल को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच द्वारा पंचकूला में समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों की सुनवाई होगी।

# स्ट्रॉबेरी, नींबू, अमरूद और ड्रैगन फ्रूट के विशेष क्लस्टर विकसित किए जाएंगे

■ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कृषि एवं बागवानी विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

■ अरहर, सोयाबीन, व मूंगफली की खेती के लिए हर जिले में वैज्ञानिक आकलन होगा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कृषि एवं बागवानी विभाग की समीक्षा बैठक में किसानों की आय बढ़ाने के लिए क्लस्टर आधारित खेती, फसल विविधीकरण और उच्च मूल्य वाली फसलों के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की मिट्टी और जलवायु के अनुसार खेती के मॉडल विकसित किए जाएं, ताकि किसानों को बेहतर उत्पादन और लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक फसलों के साथ फल उत्पादन को बढ़ावा देना जरूरी है। इसके तहत स्ट्रॉबेरी, नींबू,



अमरूद और ड्रैगन फ्रूट जैसी फसलों के लिए विशेष क्लस्टर विकसित किए जाएंगे और किसानों को उत्पादन से लेकर विपणन तक जोड़ा जाएगा। उन्होंने अरहर, सोयाबीन, मूंगफली, दलहन और गन्ने की फसलों के साथ ऊतक संवर्धन आधारित खेती को बढ़ावा देने और हर जिले की कृषि क्षमता का वैज्ञानिक आकलन कराने के निर्देश दिए। बैठक में नई संकर और अधिक उत्पादन देने वाली किस्मों के विकास पर भी जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कृषि विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थानों को अनुसंधान व परीक्षण से जोड़ने तथा नई तकनीकों को तेजी से किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर बनाए जाएंगे और किसानों को प्रशिक्षण व संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। यदि उत्पादकता में कमी आती है तो किसानों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजेंद्र कुमार, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव सहित अन्य मौजूद रहे।

#### सेम से प्रभावित 1.40 लाख एकड़ भूमि को सुधारा जाएगा

राज्य सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए 1.40 लाख एकड़ सेम एवं लवणीय भूमि सुधार का लक्ष्य तय किया है। जलभराव वाले क्षेत्रों में जैव निकास के लिए सफेदा के पेड़ लगाने पर जोर दिया गया है।

#### फसलों में कीटनाशकों की जांच होगी सख्त

फसलों और खाद्य उत्पादों में कीटनाशक अवशेषों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाएगी। हानिकारक रसायनों के उपयोग पर रोक लगाने और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एक आधुनिक जैविक प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एक अत्याधुनिक जैविक प्रयोगशाला स्थापित की जाए, जिसमें जैविक उत्पादों और जैविक उत्पादन से संबंधित सभी नमूनों की नियमित जांच की जा सके। इस प्रयोगशाला में मिट्टी, पानी, जैविक खाद, फसल और अन्य आवश्यक घटकों के नमूनों का वैज्ञानिक परीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

### अस्पतालों में दवाओं के स्टॉक और पोर्टल डाटा में अंतर पर सरकार सख्त

# सीएमओ हर सोमवार को बताएंगे, दवा है या नहीं

■ दवाओं की कमी से निपटने के लिए बफर स्टॉक बनाया जाएगा : डॉ. मिश्रा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ अस्पतालों का औचक निरीक्षण करेंगे अधिकारी

प्रदेश में अब हर सोमवार को सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में दवाओं के स्टॉक की अनिवार्य रिपोर्ट देनी होगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं। राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक सिविल सर्जन यह सुनिश्चित करें कि हर सोमवार दवाओं की उपलब्धता का पूरा डेटा अपडेट हो—कौन-सी दवा उपलब्ध है और कौन-सी नहीं। किसी भी अस्पताल में दवाओं की कमी पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि दवा आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी



और जवाबदेह बनाने के लिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग लागू की जा रही है। सभी जिलों में आवश्यक दवाओं की सूची के अनुसार दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी और डिजिटल पोर्टल पर समय पर डेटा अपलोड करना अनिवार्य होगा। उन्होंने स्टॉक और पोर्टल डेटा में अंतर, गलत खपत आंकड़े और देरी से अपडेट जैसी समस्याओं पर नाराजगी जताते हुए नियमित स्टॉक मिलान और औचक निरीक्षण के निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में कमी से बचने के लिए बफर स्टॉक बनाए रखने को भी कहा गया है।

#### दवाओं के उचित उपयोग के लिए डॉक्टर जिम्मेदार होंगे

डॉ. मिश्रा ने कहा कि दवा प्रबंधन की जिम्मेदारी सिविल सर्जनों की होगी, जबकि डेटा एंट्री फार्मासिस्ट और दवाओं के उचित उपयोग के लिए डॉक्टर जिम्मेदार होंगे। जिला स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा भी अनिवार्य की गई है। बैठक में 24×7 लैब सेवाएं, मुफ्त जांच सुविधाओं का विस्तार और अस्पतालों में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

## आय का प्रमाण न होने पर भी हादसे का मुआवजा नहीं रोका जा सकता

**हाईकोर्ट का अहम फैसला**



■ मजदूर को 92000 हजार की जगह 7 .72 लाख देने के आदेश

**चंडीगढ़।** मोटर दुर्घटना मामलों में पीड़ितों के अधिकारों को मजबूती देते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि आय का दस्तावेजी प्रमाण न होना उचित मुआवजा देने से इनकार करने का आधार नहीं बन सकता। यह महत्वपूर्ण टिप्पणी जस्टिस हरकेश मनुजा ने एक अपील पर सुनवाई करते हुए की। अपीलकर्ता ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, गुरुग्राम द्वारा दिए गए 95,000 के मुआवजे को चुनौती दी थी और इसे बढ़ाने की मांग की थी। मामला 22 नवंबर 2005 को हुई सड़क दुर्घटना से जुड़ा था, जिसमें लापरवाही से वाहन चलाने के कारण याचिकाकर्ता गंभीर रूप से घायल हुआ था। याचिकाकर्ता का कहना था कि ट्रिब्यूनल ने उसकी आय, भविष्य की कमाई की क्षमता और अन्य नुकसान का सही आकलन नहीं किया। उसने बताया कि वह लगभग 40 वर्ष का मजदूर था और करीब 3,000 मासिक कमाता था, हालांकि इसके समर्थन में कोई दस्तावेज पेश नहीं किया जा सका।अंततः अदालत ने अपील स्वीकार करते हुए कुल मुआवजा 95,000 से बढ़ाकर 772135 कर दिया और 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ भुगतान का आदेश दिया। साथ ही, देरी होने पर अधिक ब्याज दर लागू करने की भी व्यवस्था की गई।

### देश में कोरोना जैसे हालात पैदा कर रही केंद्र सरकार : ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने देश में लगातार बढ़ रही महंगाई को लेकर केंद्र की मोदी



सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की वजह से मोदी सरकार ने महंगाई को कम रखने की पूरी कोशिश कर रही है, लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म होंगे, मोदी सरकार घरेलु गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर पूरे देश में महंगाई बम फोड़ेगी। उन्होंने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर के दाम 525 रुपए पहले ही बढ़ चुके हैं। पेट्रोल, सीमेंट, ब्रेड और जूते महंगे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि पूरा देश महंगाई के खौफ में हैं, सिलेंडर के लिए लाइनों में लगा है, लेकिन मोदी जी पूरे फुर्सत में हैं। वह फीटे काट रहे हैं और चुनावी रैलियां कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जानबूझ कर देश में कोरोना जैसे हालात पैदा कर रहे हैं, ताकि उनके बिजनेसमैन दोस्त मुनाफा कमा सकें। बुधवार को आप मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर अनुराग ढांडा ने कहा कि देश एक बेहद गंभीर दौर से गुजर रहा है और महंगाई का बम रोजाना आम लोगों के घरों में फोड़ा जा रहा है।

### पोर्टल व बायोमेट्रिक की बाधाओं से किसानों को राहत दे सरकार: गुप्ता

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने हरियाणा में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान पर चिंता जताते हुए सैनी सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को पोर्टल और बायोमेट्रिक जैसी जटिल प्रक्रियाओं में उलझाकर उनकी परेशानियां बढ़ा रही है, इसलिए इन पाबंदियों से तत्काल राहत दी जानी चाहिए। डॉ. गुप्ता ने कहा कि हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, रेवाड़ी, भिवानी, चरखी दादरी और महेंद्रगढ़ सहित कई जिलों में गेहूं और सरसों की फसल ओलावृष्टि से बुरी तरह प्रभावित हुई है।

#### मुआवजा नहीं मिल रहा

मुख्यमंत्री द्वारा मुआवजे की बात कही जा रही है, लेकिन पिछली



बारिश का मुआवजा अभी तक किसानों को नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण किसान आर्थिक संकट में हैं और खेती से ज्यादा मुश्किल सरकारी प्रक्रियाएं हो गई हैं। जिससे किसान परेशान है।

### सरकार की बेरूखी से किसान घाटे में : अभय

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चैटाला ने प्रदेश के कई जिलों में हुई ओलावृष्टि के कारण खराब हुई फसल पर दुःख प्रकट करते हुए कहा कि इससे किसानों की फसल को बहुत नुकसान पहुंचा है। गैर मौसमी प्राकृतिक आपदा के कारण कई किसानों की फसल तो पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। इनेलो नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के किसान विरोधी रवैये के कारण बर्बादी के कगार पर पहुंच चुका है। पिछले साल हुई बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि के कारण भी खेतों में पानी भर गया था जो कई जगह आज भी खेतों में खड़ा है और सरकार ने उन खेतों में पानी की निकासी के लिए कुछ नहीं किया साथ ही अभी तक उन किसानों को सरकार ने मुआवजा तक नहीं दिया है। किसान पहले से ही कर्ज के बोझ के तले दबा हुआ है और अब फसल बर्बाद होने से पूरी तरह टूट गया है।

### यमुनानगर, हांसी और रेवाड़ी के प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने यमुनानगर, हांसी और रेवाड़ी जिलों के प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए हैं। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार सभी के लिए आवास विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन को यमुनानगर, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के आयुक्त एवं सचिव जे. गणेशन को हांसी और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा को रेवाड़ी जिले का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रभारी अधिकारी को तिमाही रिपोर्ट मॉनिटरिंग एवं कोऑर्डिनेशन सेल को भेजनी होगी, जिसमें 25 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की प्रगति, अपराधों व जघन्य अपराधों की स्थिति, सतर्कता संबंधी मामले, सेवा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सेवाओं की डिलीवरी व्यवस्था तथा स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक क्षेत्रों की कार्यप्रणाली की समीक्षा शामिल होगी।

### चंडीगढ़ प्रशासन ने प्रतिनियुक्ति के लिए मांगा एचसीएस का पैनल

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने चंडीगढ़ प्रशासन में प्रतिनियुक्ति पर कार्य करने के इच्छुक हरियाणा सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के अधिकारियों से सहमति मांगी है।मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया है। पत्र के अनुसार चंडीगढ़ प्रशासन ने हरियाणा सरकार से एचसीएस (कार्यकारी शाखा) के ऐसे अधिकारियों का पैनल भेजने का अनुरोध किया है, जिनकी सेवा में कम से कम पांच वर्ष की वरिष्ठता हो और जो चंडीगढ़ प्रशासन में प्रतिनियुक्ति पर कार्य करने के इच्छुक हों। राज्य सरकार द्वारा उपयुक्त वरिष्ठता वाले तीन एचसीएस अधिकारियों का पैनल तैयार किया जाना है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों से अपनी सहमति भेजने को कहा गया है।

### तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब के लिए 15 तक पंजीकरण

#### श्रद्धालुओं को निःशुल्क दर्शन करवाएगी सरकार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब नांदेड़, महाराष्ट्र के लिए 5 मई को कुरुक्षेत्र से विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जाने वाली संगत को रवाना करेंगे।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर 15 अप्रैल तक पंजीकरण किया जा संकता है। पात्र व्यक्ति नजदीकी सीएससी सेंटर या अपने स्मार्ट फोन से सरल हरियाणा पोर्टल पर घर बैठे इस निःशुल्क यात्रा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं ।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, फतेहाबाद**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अर्पिता पुत्री बजरंग जैन निवासी कृष्णा कालोनी टोहाना, थाना शहर टोहाना, जिला फतेहाबाद, दिनांक 06.03.2026 को अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों व पुलिस द्वारा अब तक की गई तलाश के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

**गुमशुदा लड़की का हुलिया निम्नलिखित है:**

नामः अर्पिता
उम्रः लगभग 22 वर्ष
कदः लगभग 5 फीट 2 इंच
रंगः सांवला
चेहराः लम्बुतरा चेहरा, पतला जिस्म
पहनावाः लाल रंग की शर्ट व काले रंग की पेन्ट पहने हुई थी।

जिस किसी सज्जन को उपरोक्त लड़की के संबंध में कोई सूचना प्राप्त हो, वह कृपया तुरंत नीचे दिए गए संपर्क सूत्रों पर सूचित करें:

**संपर्क करें:**
**थाना शहर टोहाना**
**मोबाइल नं.:**
**प्रबन्धक अफसर थाना शहर टोहाना 88140-11712,**
**अनुसंधान कर्ता-88140-11712 या नजदीकी पुलिस स्टेशन में जानकारी दें। आपकी दी गई सूचना गुप्त रखी जाएगी।**

पीआरडीएच-1084/11/4644/2027/44323/88/6 दि. 01.04.26



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1448

मनकि हुकम सिहं पुत्र चन्दराम पुत्र चुनिया, निवासी एवं बिस्वेदार गांव फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2023–24 व इंतकाल न0 1633 तकसीम, के अनुसार खेवट न0 26/19, खाता न0 27, मु0 न0 22, किला न0 24(8–0), 25(8–0), मु0 न0 23, किला न0 21(8–0), मु0 न0 33, किला न0 4(8–0), 5(8–0), 6/2(3–0), 7(8–0), 14/1(4–0), किते 8, तादादी रकबा 55 कनाल 0 मरला का 1/8 भाग, बकदर 6 कनाल 17.5 मरले का मालिक व काबिज है जिसमें से कुल रकबे का 1/1100 भाग, बकदर 0 कनाल 1 मरला व खेवट न0 135 मिन/116, खाता न0 137 मिन, मु0 न0 47, किला न0 16/2(6–12), 25/1/1(3–11), किते 2, तादादी रकबा 10 कनाल 3 मरले सालम भाग व खेवट न0 317 मिन/279, खाता न0 321 मिन, मु0 न0 47, किला न0 24/2/1(6–8), किता 1, तादादी रकबा 6 कनाल 8 मरले सालम भाग व खेवट न0 239मिन/210, खाता न0 242 मिन, मु0 न0 47, किला न0 25/2/1/1/1(2–0), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 0 मरला सालम भाग व खेवट न0 240 मिन/211, खाता न0 243 मिन, मु0 न0 47, किला न0 25/2/1/2/1(0–15), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 15 मरले सालम भाग, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 19 कनाल 7 मरले (2.41875 एकड़) वाका रकबा मौजा फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 19 कनाल 7 मरले (2.41875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 01.04.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


# विधानसभा में हरियाणा की 40% भागीदारी का मामला संसद में उठा

■ सांसद मुलाना बोले- सुविधाएं और कमरे नहीं मिल पा रहे

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा-पंजाब को लेकर भले ही सियासी दिग्गज छोटे-बड़े भाई के रिश्तों की याद दिलाते हैं, उसके बावजूद कई मुद्दों को लेकर हल भले ही ना निकले लेकिन साल दर साल सियासत जरूरत होती रही है। भले ही एसवाईएल के पानी को लेकर हरियाणा के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला हो अथवा अलग से हाई कोर्ट की मांग।

इसके अलावा राजधानी चंडीगढ़ और विधानसभा भवन को लेकर भी कई बार सियासत गर्म हो जाती है। अब सांसद वरुण मुलाना ने हरियाणा को 40 फीसदी भागीदारी के हिसाब से पूरा स्थान और कमरे नहीं मिल पाने का मुद्दा संसद में उठाने का काम किया है। इसके पहले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने जोरदार आवाज उठाई थी। अब वर्तमान विस स्पीकर हरविंद्र कल्याण भी शांति और नियमों के तहत ही इसका हल चाहते हैं।

कुल मिलाकर पूर्व स्पीकर ने स्थान की कमी और आने वाले समय में परिसीमन होने के साथ ही सीटें बढ़ने के बाद खड़ी होने वाली समस्या को देखते हुए नई विधानसभा भवन के लिए जगह की मांग की थी। वर्तमान भवन में मात्र प्रशासनिक कामकाज अथवा कमेटियों की बैठकों आदि को लेकर चिंतन मंथन भी हुआ था।

#### विवाद में अब हिमाचल प्रदेश की भी एंट्री

हिमाचल भी मैदान में कूद गया है, पहले से हरियाणा पंजाब के बीच में चल रही जंग में अब हिमाचल ने भी अपनी हिस्सेदारी की याद दिलाई है। दरअसल, हिमाचल में एंट्री शुल्क को लेकर विवाद खड़ा हुआ था, जिसको लेकर पंजाब ने भी पंजाब में एंट्री को लेकर हिमाचल की कारों पर टैक्स लगाने की बात कही थी। पंजाब में खासतौर पर विपक्ष कांग्रेस और भाजपा की ओर से जमकर हमले आप नेताओं और सरकार पर बोले गए थे। हिमाचल की ओर से यह बढ़ाया हुआ शुल्क वापस ले लिए जाने से मामला थोड़ा सा शांत हुआ है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद फतेहाबाद | वार्ड 24, एम.सी. फतेहाबाद में नित्यानंद जांगड़ा के मकान से पटवारी के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण + 21 कार्य। | 28.03.2026 07.04.2026 | रु.3,45,74,827/- | https://works.haryana.gov.in/ | 9466731355 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/44333/I/88/6 दि. 01.04.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | पुराना नागरिक हस्पताल, जिला फतेहाबाद में विद्युत सेवाओं की विशेष मरम्मत (एमजीपीएस सहित सम्बद्ध कार्य का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 30.03.2026 06.04.2026 | 50.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी जिले में बाल भवन की बिल्डिंग का निर्माण (टावर एसी का प्रावधान केवल)। | 30.03.2026 06.04.2026 | 23.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (एचवीएसी सिस्टम का प्रावधान (2 अदद 200 टन चिल्लर के साथ-साथ हॉट वाटर जनरेटर)। | 31.03.2026 09.04.2026 | 421.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | सोनीपत में न्यायिक अधिकारी कॉलोनी में 3 अदद पार्क के लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव और 2 अन्य। | 02.04.2026 09.04.2026 | 18.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव चरखी (झम्मन पाना) में सामान्य चौपाल का निर्माण + 3 कार्य। | 27.03.2026 03.04.2026 | 71.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांच चिरया में फिरनी का निर्माण (स्कीम - जनसंवाद)। | 25.03.2026 10.04.2026 | 209.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव छप्पार में (पंचायत घर से नरसिंघवास रोड तक) फिरनी की पेवमेंट। | 25.03.2026 10.04.2026 | 89.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2027/140/44354/I/88/6 दि. 01.04.26

**सत्य वचन**

क्रोध को प्यार से, बुराई को अच्छाई से, स्वार्थ को उदारता से और झूठे व्यक्ति को सच्चाई से जीता जा सकता है।

*- श्रीमद्भगवतगीता*




# ट्रंप बढ़े युद्ध खत्म करने की ओर

**बोले, ईरान ने किया सीजफायर का आग्रह | ईरान के नए शासक पहले से कम कट्टरपंथी | हमने शासन बदला जल्द निकल जाएंगे**

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से जारी जंग की समाप्ति के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यदि हमारी बात नहीं मानी तो हम युद्ध 2 से 3 हफ्तों में खत्म कर सकते हैं।*

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव/तेहरान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्ध को खत्म करने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। उन्होंने बुधवार को दावा किया है कि ईरान के राष्ट्रपति ने अमेरिका से सीजफायर की मांग की है। ईरान की नई लीडरशिप पहले के मुकाबले कम कट्टर और ज्यादा समझदार है। हालांकि, ट्रम्प ने साफ किया कि अमेरिका तुरंत सीजफायर नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जब तक होर्मुज स्ट्रेट पूरी सुरक्षित नहीं हो जाता, तब तक अमेरिका अपना मिलिट्री ऑपरेशन जारी रखेगा। वहीं दूसरी ओर ईरान की तरफ से भी युद्ध को खत्म करने के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि ईरान के एक सीनियर अफसर ने ट्रम्प के भाषण को लेकर कहा कि उस पर भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। अधिकारी ने कहा कि ट्रम्प बहुत अस्थिर और अजीब इंसान हैं। उनके बयान को बहुत महत्व नहीं दिया जाना चाहिए। ट्रम्प गुरुवार सुबह 6:30 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) संबोधित करेंगे। इसमें वे ईरान जंग को लेकर बातचीत कर सकते हैं। अभी यह साफ नहीं है कि वे क्या ऐलान करेंगे।

**खास बातें**

- नाटो से अलग हो सकता है अमेरिका
- ट्रम्प बोले- इसने जरूरत के वक्त मदद नहीं की
- ये कागजी शेर, पुतिन भी यही मानते हैं
- अमेरिका हमेशा अपने साथियों के लिए खड़ा रहा
- अमेरिका चाहता है नाटो देश होर्मुज स्ट्रेट खुलवाने के लिए वॉरशिप भेजे



### ईरान ने बहरीन में अमेजन ऑफिस पर हमला किया

ईरान ने बहरीन में अमेजन वेब सर्विस के डेटा सेंटर पर हमलाक किया। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक बहरीन के गृह मंत्रालय ने कहा कि सिविल डिफेंस की टीम आग बुझाने में जुटी है। ईरान ने 18 अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाने की धमकी दी है। इनमें माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और मेटा जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं।

### जंग से मिडिल ईस्ट को 18 लाख करोड़ की क्षति

यूनाइटेड नेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम ने कहा है कि मध्य पूर्व में चल रहा युद्ध पूरे इलाके की अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है।

- रीजन की जीडीपी 3.7% से 6% तक घट सकती है।
- करीब 18 लाख करोड़ का नुकसान हो सकता है।
- होर्मुज से जहाजों की आवाजाही 70% घटी।

### ईरान बोला-होर्मुज खुला रहेगा, यूएस के लिए नहीं

ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट खुला रहेगा, लेकिन अमेरिका के लिए नहीं। अब 47 साल की मेहमाननवाजी खत्म हो चुकी है। अजीजी ने कहा कि यह रास्ता सिर्फ उन देशों के लिए खुला रहेगा, जो ईरान के बनाए नए नियमों का पालन करेंगे, अमेरिका ने नियम तोड़े हैं।

### 94,000 टन एलपीजी लेकर 2 जहाज भारत पहुंचे

मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। यूएई से एलपीजी (रसोई गैस) लेकर आए दो टैंकर होर्मुज स्ट्रेट पार करके सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गए हैं। पहला टैंकर बीडब्ल्यू टीवाईआर 31 मार्च को मुंबई पहुंचा। यह जहाज यूएई के रास अल खैमाह से चला था और करीब 6 दिन में भारत पहुंचा। इसमें भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए गैस लाई गई है। दूसरा टैंकर बीडब्ल्यू ईएमएम एक अप्रैल को न्यू मैंगलोर के पास पहुंचा। यह जहाज हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए एलपीजी लेकर आया है। इन दोनों जहाजों में कुल मिलाकर लगभग 94,000 टन एलपीजी भारत पहुंची है। *(संबंधित खबर पेज-8 पर)*




# बारिश व ओलावृष्टि से सौ से ज्यादा गांवों में फसलें बर्बाद

***प्रदेश के 7 जिलों में ज्यादा असर, 2 दिन बाद फिर अलर्ट***

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश में मंगलवार को हुई बारिश और ओलावृष्टि ने 7 जिलों में फसलों को नुकसान पहुंचा। हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, रेवाड़ी, भिवानी, चरखी दादरी और महेंद्रगढ़ के 100 गांवों में खड़ी गेहूं, सरसों और चने की फसल खराब हो गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, 'मैं किसान का बेटा हूं। प्राकृतिक आपदाओं में होने वाले नुकसान को समझता हूं। पटवारी और तहसीलदारों की रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। मौसम विज्ञान केंद्र, चंडीगढ़ के मुताबिक, 1 और 2 अप्रैल को प्रदेश में मौसम सही रहेगा। इसके बाद 3 और 4 अप्रैल को मौसम फिर बदलेगा, जिससे बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है।

- **सीएम सैनी बोले प्रभावित किसानों को मुआवजा देंगे**

### ओलों से आई ठिठुरन

ओलावृष्टि और बारिश के कारण हरियाणा के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। औसत अधिकतम तापमान में 0.3 डिग्री सेल्सियस की मामूली गिरावट दिखी, लेकिन स्थानीय स्तर पर प्रभाव कहीं अधिक था। रोहतक में तापमान सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस नीचे गिरकर 27.9 डिग्री सेल्सियस रह गया। भिवानी में भी 3 डिग्री की गिरावट देखी गई। राज्य में सबसे अधिक तापमान गुरुग्राम में 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ओलों के कारण हवा में नमी बढ़ गई है, जिससे शाम को हल्की ठंडक महसूस हुई।

### अप्रैल में सात-आठ पश्चिमी विक्षोभ आएंगे

अप्रैल महीने कुल सात-आठ पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे। पहले पखवाड़े में लगातार एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पहला दो-तीन अप्रैल, दूसरा सात-आठ अप्रैल को उसके बाद 11-12 अप्रैल से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी और मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में बार बार मौसम में बदलाव देखने को मिलेंगे।

# अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पास

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने बुधवार को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) बिल, 2026 पास कर दिया है। इस बिल के जरिए अमरावती को आंध्र प्रदेश की एकमात्र और स्थायी राजधानी का कानूनी दर्जा मिलेगा। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह बिल पेश किया था। इस पर एक घंटे से ज्यादा बहस हुई, जिसके बाद इसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। इसके अलावा लोकसभा से जन विश्वास बिल और राज्यसभा से सीएपीएफ बिल भी पास हो गया। इससे पहले बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने विदेशों से चंदा मिलने वाले विदेशी अंशदान संशोधन बिल (एफसीआरए) को लेकर हंगामा किया। उन्होंने एफसीआरए बिल वापस लो के नारे लगाए। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों से शांत रहने की अपील की, लेकिन विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर विरोध करते रहे।

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 1,400 से ज्यादा फेक न्यूज यूआरएल ब्लॉक

सरकार ने लोकसभा में बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान फेक न्यूज और भ्रामक जानकारी फैलाने वाले 1,400 से अधिक यूआरएलएस को ब्लॉक किया गया। ये लिंक सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर गलत, भड़काऊ और देश विरोधी सामग्री फैला रहे थे। सरकार ने यह भी बताया कि पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट अब तक 2,900 से ज्यादा खबरों की जांच कर चुकी है। यह यूनिट फेक वीडियो, डीपफेक, नकली नोटिस और गलत दावों की पहचान कर सही जानकारी लोगों तक पहुंचाती है, ताकि अफवाहें न फैलें।

## खबर संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में सेना ने बुधवार सुबह एक आतंकवादी को ढेर कर दिया। यह ऑपरेशन मंगलवार रात से जारी था। खास इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर, पुलिस और सेना की एक जॉइंट टीम ने मंगलवार शाम को घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। एक आतंकी के छिपे होने की जानकारी मिली। अंधेरे की वजह से ऑपरेशन रोक दिया गया था। सुबह आतंकी को मार गिराया गया। *एजेंसी*

### मार्च में 2 लाख करोड़ के पार जीएसटी कलेक्शन

**नई दिल्ली।** मार्च 2026 में देश की जीएसटी कलेक्शन को लेकर अच्छी खबर सामने आई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, नेट जीएसटी कलेक्शन बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है, जो पिछले महीने के मुकाबले 8.2% ज्यादा है। इससे साफ है कि देश में कारोबार और खपत दोनों में मजबूती बनी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि टैक्स कलेक्शन में यह बढ़ोतरी आर्थिक गतिविधियों के सुधरने का संकेत देती है। *एजेंसी*

**हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरकार की रोक**

# प्रदेश की मंडियों में अब नहीं मिलेगी कच्ची पर्ची



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के दखल के बाद हरियाणा की अनाज मंडियों में किसानों को दी जाने वाली 'कच्ची पर्ची' व्यवस्था पर आखिरकार रोक लग गई है। इसको लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। यह जनहित याचिका डॉ. वीरेंद्र सिंह लाठर, पूर्व मुख्य वैज्ञानिक, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, ने अपने अधिवक्ता प्रदीप रापड़िया के माध्यम से दायर की थी। याचिका में हरियाणा की मंडियों में प्रचलित 'कच्ची पर्ची' प्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे तुरंत बंद करने की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया था कि वह 30 दिनों के भीतर शिकायत पर स्पष्ट और ठोस आदेश जारी करे।

### प्रिंटेड रसीद की मांग

वीरेंद्र लाठर ने अपनी याचिका में कहा कि प्रिंटेड रसीद पर दुकान का नाम, पता, नंबर और तारीख होनी चाहिए। ये रसीद फसल बेचने के तुरंत बाद किसान को मिलनी चाहिए, ताकि सब कुछ साफ-साफ पता चले। आजकल मंडियों में आढ़ती पहले किसानों को कच्ची पर्ची देकर कम पैसे देते हैं, लेकिन सरकारी कागजों में दिखाते हैं कि फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी गई है। इससे किसानों को कई फायदे होंगे।

# पानीपत में पकड़ी 12वीं की परीक्षा में सामूहिक नकल, 32 छात्रों पर केस

**पानीपत (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा के अंतिम दिन पानीपत जिले के इसराना और डाहर परीक्षा केंद्रों पर सामूहिक नकल करवाने का मामला सामने आया है। बुधवार को यहां आईटी (इन्फोर्मेशन टेक्नॉलोजी) और एनएसक्यूएफ (नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क) विषय की परीक्षा थी। बोर्ड चेयरमैन की स्पेशल रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) टीम को छापेमारी में सीसीटीवी कैमरे बंद होने पर शक हुआ। दोनों परीक्षा केंद्रों का एक वीडियो देर रात जारी हुआ, जिसमें स्टूडेंट सामूहिक नकल करते हुए दिखाई रहे है। टीचर के सामने ही ये बच्चे एक दूसरे की कॉपी, बुक और अन्य साधनों से नकल करते हुए दिखाई दे रहे है। फिलहाल, इस मामले में बोर्ड की ओर से 2 छात्रों पर केस दर्ज कर लिया गया है, जबकि स्टाफ और पुलिस पर एफआईआर की सिफारिश की गई है। साथ ही परीक्षा को भी रद्द करने की सिफारिश की गई है। परीक्षाओं के अंतिम दिन टीम ने मौके पर 32 छात्रों को रंगे हाथों पकड़कर उनके खिलाफ यूएमसी के केस दर्ज किए हैं।

- **वीडियो में टीचर के सामने ही बच्चे कॉपी और बुक से नकल करते दिखे, स्टाफ पर एफआईआर की सिफारिश**

**सुबह मेल कर लिखा-आज लास्ट वर्किंग डे**

# टेक कंपनी ओरेकल ने 30 हजार कर्मियों को निकाला, इनमें 12 हजार भारतीय भी

**दावा-एआई की वजह से की कर्मियों की छुट्टी**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के छठे सबसे अमीर कारोबारी लैरी एलिसन की टेक कंपनी ओरेकल ने करीब 30 हजार कर्मचारियों को निकाल दिया है। इनमें भारत के 12 हजार कर्मचारी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी अगले महीने छंटनी का दूसरा दौर भी शुरू कर सकती है। कर्मचारियों को मंगलवार यानी 31 मार्च की सुबह 6 बजे इनबॉक्स में टर्मिनेशन लेटर मिले। इसमें लिखा था कि आज उनका लास्ट वर्किंग डे है। कुछ ही मिनटों में उनका सिस्टम एक्सेस बंद कर दिया गया। कंपनी ने अभी तक छंटनी की वजह नहीं बताई है। एक सीनियर मैनेजर माइकल शेफर्ड ने लिंक्डइन पर लिखा कि सीनियर इंजीनियर्स, आर्किटेक्ट्स, ऑपरेशंस लीडर्स, प्रोग्राम मैनेजर्स और टेक्निकल स्पेशलिस्ट्स को नौकरी से निकाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह छंटनी परफॉर्मेंस के आधार पर नहीं की गई है। इधर, बीबीसी की एक रिपोर्ट में सीनियर कर्मचारियों के हवाले से बताया है कि कंपनी एआई में भारी निवेश कर रही है, जिसके चलते यह कदम उठाया गया है। ओरेकल अंदरूनी तौर पर एआई टूल्स का इस्तेमाल कर रही है। इसकी मदद से कम कर्मचारी ज्यादा काम कर पा रहे हैं।



### एक्सपर्ट बोले- इनविजिबल लेऑफ किया जा रहा

एक्सपर्ट्स इसे 'इनविजिबल लेऑफ' कह रहे हैं, जिसमें कंपनियां बिना बड़ी घोषणा किए चुपचाप धीरे-धीरे कर्मचारियों की संख्या कम कर रही हैं। पिछले तीन महीनों में अमेजन, मेटा और डेल जैसी कंपनियों में मिलाकर 94 हजार से ज्यादा लोग नौकरी खो चुके हैं। ओरेकल के पूर्व कर्मचारी मेरुगु श्रीधर का कहना है कि उन्हें सितंबर में नौकरी से निकाल दिया गया था। उन्होंने कंपनी में 16 घंटे की लंबी शिफ्ट के खिलाफ आवाज उठाई थी। उनका दावा है कि इसी वजह से उन्हें बाहर किया गया।



**खबर संक्षेप**

## युवती के इलाज के नाम पर बाबा ने ठगे 7 लाख

**कैथल।** युवती के इलाज के नाम पर एक बाबा ने लाखों रुपये की ठगी कर ली। शिकायतकर्ता युवक का आरोप है कि आरोपी ने उसके गुरुओं को आगे रुपये देने की बात कहकर पैसे ठगे। अब 5 साल बीतने के बाद भी रकम वापस नहीं लौटाई। युवक गौरव ने बताया कि उसकी बहन मानसिक रूप से बीमार थी। किसी जान पहचान के व्यक्ति के माध्यम से वह नवंबर 2020 में अंबकेश्वर कॉलोनी निवासी एक कथित बाबा बंटी के पास गया। इस बाबा ने उसकी बहन के इलाज के नाम पर उससे 7 लाख रुपये मांगे। इसके बाद वह बाबा के झांसे में आ गया और चेक के माध्यम से 7 लाख रुपये की पेमेंट दे दी। उसके एक अन्य साथी मोनू ने भी ट्रैक्टर की मांग के लिए 5 लाख रुपये मांगे। ट्रैक्टर के लिए मांगे गए रुपये तो करीब डेढ़ साल बाद वापस लौटा दिए, लेकिन 7 लाख नहीं लौटाए। थाना शहर प्रभारी गीता रानी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नगर निगम रोहतक**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकार्ड में नई प्रोपर्टी आई.डी. नं. 1HHVVGL6 पुरानी प्रोपर्टी आई. डी. नं. 139C81U167 वार्ड नं./ पता 424/28, Subhash Nagar11C पुराने एन.डी.सी. रिकार्ड में Jagdish Lal S/o Budh Ram व सर्वे के अनुसार नए एन.डी.सी. रिकार्ड में Jagdish Lal Dua नाम से दर्ज है, अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई.डी. नं. में प्रार्थी जिनका नाम Sumitra वसीयत के आधार पर अपने नाम तबदील करवाना चाहते है जिसकी वारसान रिपोर्ट तहसीलदार, रोहतक द्वारा तसदीक की गई है। यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तबदील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अन्दर अन्दर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उनके नाम तबदील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

क्रमांक MCR/ZIO/2026/423
दिनांक 16/06/25

हस्ता/- क्षेत्रीय कराधान अधिकारी, नगर निगम रोहतक

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला हिसार खण्ड उकलाना के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उकलाना मंडी में आगामी सत्र 2026-2027 में हरियाणा सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना के तहत विद्यार्थियों को लाने व ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की जानी है। इसके लिए RTO द्वारा निर्धारित वाहन से संबंधित नियमों को पूरा करने वाले इच्छुक व्यक्ति/फर्म/कम्पनी से निविदा आमन्त्रित हैं। निविदा बंद लिफाफे में प्राचार्य राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उकलाना मंडी के कार्यालय में दिनांक 04-04-2026 को दोपहर 2:30 बजे तक जमा करवाई जा सकती हैं। इसके पश्चात् किसी भी आपत्ति एवं दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। अनुबंध के अन्य नियम व शर्तें मौके पर ही बता दी जाएंगी।

प्रिंसीपल तथा SMC, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उकलाना मंडी, (हिसार)

**पंजाब में बच्चों की मंडी का खुलासा**

### बहादुरगढ़ पुलिस ने बच्चा तस्करी गिरोह पकड़ा, महिला समेत 3 गिरफ्तार, दो फरार, 3 दिन का शिशु बरामद

# गरीबों से बच्चे खरीद लाखों रुपये में बेऔलाद दंपतियों को बेचने वाले धरे

- फरीदकोट के दंपति से 2.25 लाख रुपये में तीन दिन का बच्चा खरीदा, दिल्ली में 9.25 लाख रुपये में बेचने का सौदा किया
- पांच बच्चों का सौदा कर चुका है गिरोह, महाराष्ट्र व दिल्ली समेत कई राज्यों में बेचे, बच्चा चोरी के एंगल से भी होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बहादुरगढ़ पुलिस ने अंतरराज्यीय बच्चा तस्करी गिरोह का बड़ा खुलासा किया है। यह गिरोह पंजाब में जरूरतमंद व गरीब दंपति से बच्चों को खरीदकर अन्य राज्यों में बेऔलाद दंपतियों को बेच देता था। नाकाबंदी के दौरान महिला सहित तीन आरोपी पकड़े गए, जबकि सरगना और एक अन्य साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन दिन का नवजात शिशु बरामद कर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत सामान्य है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि गिरोह अब तक पांच बच्चों की तस्करी कर चुका है और पंजाब से महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में नवजात बेच चुका है।



बहादुरगढ़। पुलिस की गिरफ्त में बच्चा तस्करी गिरोह के आरोपी।

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी फेसबुक व इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए निःसंतान दंपतियों को खोजते थे। जरूरतमंद या बच्चे को नहीं चाहने वाले परिवारों से कम कीमत में नवजात खरीदकर उन्हें ऊंचे दामों में बेचते थे।

बरामद शिशु को फरीदकोट के एक दंपति से करीब 2.25 लाख रुपये में खरीदकर दिल्ली में 9.25 लाख रुपये में बेचने का सौदा किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गाजियाबाद निवासी सलीम अहमद, अकिल मलिक और पंजाब के मुक्तसर की बेअंत कौर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो गाड़ियां और कई मेडिकल दस्तावेज भी बरामद किए हैं। पुलिस को आशंका है कि गिरोह बच्चों की खरीद-फरोख्त के साथ शिशु चोरी की वारदातों में भी शामिल हो सकता है। मुख्य आरोपी लाडी और उसके साथी की गिरफ्तारी के बाद पूरे नेटवर्क का खुलासा होने की उम्मीद है। आरोपियों से इस संदर्भ में पूछताछ जारी है।

### छोटे भाई का सपना पूरा करने के लिए जमीन बेचकर एजेंट को दिए थे पैसे

# अमेरिका भेजने के नाम पर 50 लाख की ठगी बड़े भाई ने दी जान, ममेरे भाई ने भी खाया जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

विदेश भेजने के नाम पर ठगी का शिकार हुए एक युवक के लिए भाई का सपना जानलेवा साबित हुआ। छोटे भाई को अमेरिका भेजने के नाम पर 50 लाख रुपये गंवाने से आहत झरोठी निवासी रोहित ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसके साथ मौजूद ममेरे भाई अंकुश की भी जहर से हालत खराब हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

झरोठी निवासी मोहित ने बताया कि उसका बड़ा भाई रोहित उसे बेहतर भविष्य के लिए अमेरिका भेजना चाहता था। इसके लिए परिवार ने अपनी एक एकड़ जमीन एक करोड़ रुपये में बेची थी। गांव के ही एक व्यक्ति ने दिल्ली पुलिस के एक कर्मचारी के माध्यम से मोहित को अमेरिका भेजने का झांसा दिया था। इसके बदले करीब दो साल पहले 50 लाख रुपये की मोटी रकम एजेंट को दी गई थी।

#### अमेरिका की जगह ब्राजिल पहुंचाया



आरोप है कि मोटी रकम लेने के बावजूद एजेंट ने मोहित को अमेरिका भेजने के बजाय पहले ब्राजील और फिर इथियोपिया भेजा। अंत में उसे वापस भारत लौटा दिया गया। जब परिवार ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपित पक्ष ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। परिजनों का कहना है कि करनाल में शिकायत करने के बाद आरोपितों ने शपथपत्र देकर पैसे लौटाने का वादा किया था, लेकिन वे अपनी बात से मुकर गए। इसके बाद रोहित को लगातार धमकियां दी जाने लगीं और उसे झूठे केस में फंसाने का डर दिखाया गया। इसी मानसिक और आर्थिक दबाव के चलते रोहित पिछले कई दिनों से तनाव में चल रहा था। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं।

#### ताऊ को फोन कर कहा - मेरी डेडबॉडी ही घर पहुंचेगी

मंगलवार को रोहित अपने ममेरे भाई अंकुश के साथ छोटूराम चौक स्थित एक गेस्ट हाउस में मौजूद था। जहर खाने से पहले रोहित ने अपने ताऊ महेंद्र को फोन किया और कहा कि वह अब जिंदा नहीं रहेगा और अब उसकी डेड बॉडी ही घर पहुंचेगी। इसके कुछ ही देर बाद दोनों की हालत बिगड़ गई। गेस्ट हाउस के कर्मचारियों ने दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान रोहित की मौत हो गई। अंकुश की हालत अब भी चिंताजनक बनी हुई है।

#### छोटी बहन की शादी की तैयारी कर रहे थे

मृतक रोहित पांच भाई बहनों में चौथे नंबर पर था। उसके पिता रमेश का पहले ही देहांत हो चुका है। दो बहनों की शादी हो चुकी थी और छोटी बहन के हाथ पीले करने की तैयारी चल रही थी। दोनों भाई मिलकर नया मकान भी बना रहे थे, लेकिन ठगी के कारण परिवार गहरे आर्थिक संकट में फंस गया था। इंस्पेक्टर अनिल ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

#### दोस्त कर्ज के पैसों का ज्यादा ब्याज मांग रहे थे, एनआईटी में छात्र ने लगाया फंदा



**कुरुक्षेत्र।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) कुरुक्षेत्र में बीटेक के छात्र ने हॉस्टल के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्र की पहचान 23 वर्षीय पवन कुमार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से हरियाणा के नूंह जिले का निवासी था। पवन एनआईटी कुरुक्षेत्र में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के पांचवें सेमेस्टर (तीसरे वर्ष) का छात्र था। पिता का कहना है कि बेटे पवन ने मुझे कई बार फोन पर बताया कि पैसों की जरूरत होने के कारण मैंने मजबूरी में अपने दोस्तों से पैसे उधार लिए थे। दोस्तों ने मेरे को अपने क्रेडिट कार्ड से पैसे उधार दिए थे। पिता ने कहा कि पवन पैसे वापस कर चुका था, लेकिन इसके बावजूद वे क्रेडिट कार्ड के पैसे ज्यादा ब्याज के साथ मांग रहे थे। पुलिस को पवन के कमरे से एक नोटबुक मिली है, जिसमें कुछ पन्नों पर पैसों के लेन-देन या खर्चों का विवरण लिखा हुआ है।

## छत ठीक कर रहे 15 वर्षीय किशोर पर गिरी बिजली, मौत

**रतिया।** फतेहाबाद जिले के गांव कंवलगढ़ में मंगलवार शाम बिजली गिरने से 15 वर्षीय किशोर दिलबाज की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि दिलबाज उस समय घर की छत पर गट्टे डाल रहा था ताकि बारिश का पानी घर के अंदर न आए। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ अचानक बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। दिलबाज को आज अपना 8वीं कक्षा का रिजल्ट लेने जाना था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडीए डिवीजन रोहतक | आउटलेट आरडी 14970-आर न्यू निदाना माइनर (विस्तार) पर वाटर कोर्स की लाइनिंग हेतु आकलन + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 06.04.2026 | अनुमानित रु. 191.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9650044885 xenrohtakcad@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/44340/I/88/6 दि. 01.04.26

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडी डिवीजन झज्जर | वाटर कोर्स के आरडी 7210-टीएल छोछी माइनर विस्तार + 2 कार्य (झज्जर)। | 27.03.2026 07.04.2026 | रु.11,72,916/- | https://etenders.hry.nic.in | 9899000779 xenjhajjarcad1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/44335/I/88/6 दि. 01.04.26

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद चरखी दादरी | वार्ड नं. 2, एम.सी. चरखी दादरी में रमन के मकान से आरओबी तक गली का निर्माण + 9 कार्य। | 27.03.2026 03.04.2026 | रु.1,39,25,882/- | eemcchdadri@gmail.com | 9467874888 eemcchdadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/44339/I/88/6 दि. 01.04.26

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला (एचएसएसपीपी) | जीजीएमएसपीएस भिराय में 2 कमरों का निर्माण, जीएमएसपीएस फार्म हांसी में 1 एसीआर और चारदिवारी का निर्माण, जीएमएसपीएस कुलाना में 2 एसीआर और लड़कों के शौचालय का निर्माण, जीपीएस अनीपुरा में 2 एसीआर का निर्माण, जीपीएस कुतुबपुर जिला हिसार में 2 एसीआर का निर्माण (द्वितीय बार आमंत्रण) समय सीमा : 9 माह + 2 कार्य। | 30.03.2026 07.04.2026 | रु.2,00,37,956/- | www.hsspp.in | 9463239081 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/44345/I/88/6 दि. 01.04.26

# पति की हत्या में पत्नी व प्रेमी को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल जिले में पति की हत्या के सनसनीखेज मामले में अदालत ने पत्नी और उसके प्रेमी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोनों ने मिलकर साजिश रचकर वारदात को अंजाम दिया था। साथ ही अदालत ने दोनों पर 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामले की शुरुआत 8 मार्च 2021 को हुई थी, जब काछवा गांव निवासी रानी ने थाना सदर में अपने पति सूरजभान की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस जब जांच के लिए गांव पहुंची तो रानी की बातों पर शुरू से ही संदेह बना रहा। जांच के दौरान गवाह दिनेश ने अहम खुलासा किया। उसने बताया कि उसके भाई सूरजभान उर्फ अंग्रेज की पत्नी रानी के गांव के ही निवासी शैलेंद्र के साथ अवैध संबंध थे। उसे शक था कि सूरजभान की गुमशुदगी के पीछे दोनों का हाथ है। घटना के बाद दोनों के गांव से फरार होने से शक और गहरा गया। दोनों की गिरफ्तारी पर सामने आया कि उन्होंने मिलकर सूरजभान की हत्या की और शव को गाड़ी में डालकर काछवा से चमाखेड़ा रोड पर स्थित एस्केप नहर में फेंक दिया था।

## धर्म गलत बता नर्स को फंसाया अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल किया

**नूंह।** अपना धर्म गलत बताकर युवक ने दिल्ली निवासी एक नर्स को सोशल मीडिया के जरिये फंसाया। बाद में लिव इन रिलेशनशिप में रहते हुए उसके अश्लील वीडियो बनाए और मारपीट कर धर्म बदलने का दबाव बनाने लगा। महिला ने नूंह सिटी थाना पुलिस को मामले की शिकायत दी है। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी, उसके भाई और पिता के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नर्स मूलरूप से पश्चिम बंगाल की है और दिल्ली में काम करती है। पति से अनबन के बाद वह 8 साल के बेटे के साथ ही रहती है। सोशल मीडिया के जरिये पलवल के डूंगरपुर निवासी साहिल से संपर्क हुआ। साहिल ने खुद को हिंदू बताया और उसकी मांग भी भरी। बाद में उसने रंग बदलने शुरू कर दिए।

## राशिफल

**मेष** आज मंगल का मीन में गोचर आपको ऊर्जा देगा, लेकिन सावधानी बरतें। करियर में नई चुनौतियां आएंगी, मेहनत से सफलता मिलेगी।

**वृष** आर्थिक मामलों में सुधार होगा। निवेश सोच-समझकर करें। कार्यस्थल पर सहयोगियों का साथ मिलेगा। घरेलू जीवन सुखमय रहेगा।

**मिथुन** स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन मानसिक तनाव से बचें। प्रेम जीवन में भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा। आर्थिक रूप से स्थिरता बनी रहेगी।

**कर्क** चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। करियर में सतर्क रहें। परिवार में छोटी-मोटी बहस हो सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें।

**सिंह** आत्मविश्वास बढ़ेगा। करियर में सफलता के नए द्वार खुलेंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्रेम संबंधों में मिठास आएगी।

**कन्या** दिन व्यस्त रहेगा। कार्यस्थल पर मेहनत रंग लाएगी। परिवार में खुशियां बनी रहेंगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा, लेकिन आराम जरूरी।

**तुला** रिश्तों पर फोकस रहेगा। करियर में प्रगति होगी। घरेलू जीवन सुखद रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्रेम जीवन में रोमांस बढ़ेगा।

**वृश्चिक** आज भावनाओं को नियंत्रित रखें। करियर में चुनौतियां आएंगी, लेकिन मेहनत से पार पाएं। परिवार का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा। करियर में उन्नति होगी। परिवार में आनंद रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। प्रेम संबंध मजबूत होंगे। आर्थिक लाभ के अवसर बनेंगे।

**मकर** करियर पर फोकस बढ़ेगा। परिवार में शांति रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। प्रेम में भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ** नई शुरुआत के लिए अच्छा दिन। करियर में प्रगति संभव। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। प्रेम जीवन रोमांचक रहेगा।

**मीन** मंगल के गोचर से ऊर्जा बढ़ेगी। करियर में महत्वाकांक्षा पूरी होगी। परिवार सुखी रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन तनाव से बचें।

# स्कूल के बाहर स्कूटी की डिग्गी से मां ने चुराया बेटे का फोन, करवाया केस दर्ज

- दंपति के बीच चल रहा है विवाद, 12वीं में पढ़ने वाला बेटा रहता है दादा के पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलवल

पलवल में एक लड़के ने अपनी ही मां पर उसका फोन चोरी करने का मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि स्कूल के बाहर खड़ी स्कूटी की डिग्गी से उसकी मां ने फोन चुरा लिया। यह पूरी घटना स्कूल के बाहर लगे कैमरे में कैद हो गई। हथीन गेट चौकी पुलिस ने शिकायत के आधार पर महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। लड़के के पिता डॉ. मनीष गर्ग हथीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एसएमओ हैं। उनका पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। लड़का अपने दादा के पास रहता है। बेटे ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मैं 12 मार्च को 12वीं कक्षा का पेपर देने स्कूल गया था। मैं अपने दादा की स्कूटी लेकर गया था। स्कूटी की डिग्गी में मेरा मोबाइल रखा हुआ था। जब पेपर देकर लौटा तो मोबाइल नहीं मिला। कैमरे चेक किए तो मेरा मोबाइल चोरी करते हुए मां दिखाई दी। वहीं, पति ने कहा कि मुझे नहीं पता कि उसने ऐसा क्यों किया। बता दें कि दंपति के बीच लंबे समय से पारीवारिक विवाद चल रहा है। हथीन गेट चौकी प्रभारी शेर सिंह तंवर ने बताया कि पुलिस के द्वारा मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच कर रही है।



स्कूटी से फोन चुराती मां।

**भारत सरकार**
**कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय**
**प्रशिक्षण महानिदेशालय**

Directorate General of Training

Skill India कौशल भारत-कुशल भारत

**CITS प्रवेश सूचना - सत्र 2026-27**

राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) तथा प्रशिक्षक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीओटी) में शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के पाठ्यक्रमों में प्रवेश, अखिल भारतीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एआईसीईटी) के माध्यम से दिया जाएगा, जो दिनांक 31.05.2026 को निर्धारित की गई है। सीआईटीएस के विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से दिनांक 18.04.2026 से 10.05.2026 तक वेबसाइट www.nimionlineadmission.in के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। एआईसीईटी का आयोजन देशभर के विभिन्न केंद्रों पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा (ऑनलाइन) के रूप में किया जाएगा।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 10.05.2026

अधिक जानकारी के लिए देखें: www.nimionlineadmission.in

CBC-63101/11/0015/2526

## शब्द पहेली - 6183



**बाएँ से दाए**


1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह, टीस, लालसा-3
6. हानि, आपत्ति-2
7. दुश्मनी, बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश, आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. शैतानी, बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा, लालसा-4
24. कवि, गजलकार-3
25. जरा, थोड़ा-2
27. मुलायम, नाजुक-3
28. गुफा, खोह-2
29. प्रियतम, सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा, गंजा-4
4. पंक्ति, लाइन-3
5. लड़की, पुत्री, बेटी -2
7. वहम, संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा, कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा, तीक्ष्ण-3
16. आतुर, धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट, कपि-3
20. गोविंदा, खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन, प्रेमी-3
24. संध्या, सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना, मास-2

**शब्द पहेली- 6182 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | प | रा | या | प | न | ■ | म | च | ल | ना |
| सां | ग | ■ | च | ■ | का | ली | न | ■ | त | ट |
| व | ■ | त | क | रा | र | ■ | का | ल | ■ | की |
| ला | चा | र | ■ | ■ | दे | श | ■ | त | न | य |
| प | ■ | ती | ■ | पा | ना | ■ | गा | ■ | क | ■ |
| न | क | ब | ज | न | ■ | चा | ल | च | ल | न |
| ■ | हा | ■ | मा | ■ | च | र | ■ | ह | ■ | म |
| म | र | ना | ■ | द | म | ■ | ■ | क | स | क |
| र | ■ | श | क | ■ | क | रा | ह | ना | ■ | या |
| दू | ब | ■ | ल | बा | दा | ■ | रा | ■ | या | त्रा |
| द | या | क | र | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |



## संसद में हताश खड़गे का फूटा गुस्सा

# कहां हैं तुम्हारे पीएम, क्या हम तुम्हारे भाषण सुनने आएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली



मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष की चिंताओं की अनदेखी कर अपना एजेंडा थोप रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पश्चिम एशिया संकट पर अल्पकालिक चर्चा के लिए दो बार आग्रह किया, लेकिन समय नहीं दिया गया। पूरी दुनिया एलपीजी, गैस और अन्य चीजों के कारण प्रभावित है और यहां कीमतें बढ़ रही हैं, फिर भी चर्चा क्यों नहीं कराई जा रही है?

राज्यसभा में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सदन में मौजूदगी को लेकर तीखी नोकझोंक हुई। यह बहस तब शुरू हुई जब रिजिजू ने पश्चिमी एशिया संकट पर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं के शामिल न होने का मुद्दा उठाया। किरेन रिजिजू द्वारा सर्वदलीय बैठक का जिक्र किए जाने पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने चिल्लाते हुए कहा कि कहां थे तुम्हारे प्रधानमंत्री? बहस के दौरान खड़गे ने सत्ता पक्ष पर चिल्लाते हुए कहा कि वे इस तरह के लेक्चर सुनने के लिए नहीं आए हैं।

## रीजीजू ने किया पलटवार

# विपक्ष हताश होकर दे रहा गैर-जिम्मेदाराना बयान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली



रीजीजू ने कहा कि सरकार चर्चा से नहीं भाग रही है और संबंधित मंत्रियों तथा प्रधानमंत्री ने पहले ही संसद में विस्तृत बयान दिए हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट के इस समय में पूरे देश को एकजुट होना चाहिए और इसे राजनीति का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।

संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष संसद और बाहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करता है और अपनी हार से हताश है। किरेन रीजीजू ने विपक्ष पर ऐसे समय में राजनीति करने का आरोप लगाया जब देश को एकजुट रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के किसी भी नेता प्रतिपक्ष ने सर्वदलीय बैठक में भाग नहीं लिया।

## राज्यसभा में सीएपीएफ बिल ध्वनि मत से पास, हंगामा

बुधवार को संसद में सियासी घमासान देखने को मिला। राज्यसभा में 'केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026' को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। विपक्ष ने बिल को आनन-फानन में पास करने का आरोप लगाया है। विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट भी कर दिया। अभी अलग-अलग अर्धसैनिक बलों के लिए सेवा और प्रशासन के नियम भी अलग-अलग थे। यह बिल उन सभी को हटाकर एक सिंगल सिस्टम लागू करेगा। इसका पेंच आईपीएस अफसरों की तैनाती पर है। नए कानून के तहत सीएपीएफ में आईजी रैंक के 50 फीसदी पद और एडीजी रैंक के कम से कम 67 फीसदी पद आईपीएस अधिकारियों के लिए रिजर्व रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अर्धसैनिक बलों में आईपीएस अफसरों की संख्या धीरे-धीरे कम की जाए।

## यह संघीय ढांचे को मजबूत करेगाः राय



सदन में बहस का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने साफ कहा कि यह बिल देश के संघीय ढांचे को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत करता है। इससे भर्ती प्रक्रिया बेहतर होगी और जवानों का मनोबल बढ़ेगा। विपक्ष ने मांग की कि इस बिल को संसद की प्रवर समिति के पास भेजा जाए। जब सरकार ने यह मांग नहीं मानी, तो नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में समूचा विपक्ष नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चला गया।

## एफसीआरए विधेयक को लेकर पक्ष-विपक्ष में आरोप प्रत्यारोप

# नहीं मिलेगा चंदा कैसे चलेगा धंधा

- *विपक्ष कर रहा हंगामा, कांग्रेस ने दिल्ली में बुलाई सांसदों की बैठक*
- *अल्पसंख्यकों-बहुसंख्यकों में नहीं भेदभाव नहीं करती सरकारः भाजपा*




सरकार ने बिल को लोस में पेश करने से रोका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 को लेकर बुधवार को तीखी राजनीतिक बहस छिड़ गई। विपक्ष ने आरोप लगाया कि यह सरकार की चंदा रोकने की रणनीति है, जबकि सरकार का कहना है कि यह गैरकानूनी गतिविधियों और जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए आवश्यक है। विपक्ष को इस विधेयक से डर है कि अगर चंदा नहीं मिलेगा तो धंधा केसे चेलगा। उधर भाजपा ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए आवश्यक बताया है। वहीं राजनीतिक विवाद बढ़ता देख सरकार ने फिलहाल इस बिल को लोकसभा में पेश करने से रोक दिया है। केसी वेणुगोपाल ने कांग्रेस सांसदों को तत्काल दिल्ली पहुंचने और संसद में उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

### कांग्रेस आज सदन में करेंगी प्रदर्शन

कांग्रेस इस विधेयक के विरोध में आज सुबह संसद के बाहर प्रदर्शन करेगी। हम इसे किसी भी परिस्थिति में पारित नहीं होने देंगे। संशोधन विधेयक का बचाव करते हुए भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने विपक्ष के इस आरोप को खारिज कर दिया कि विधेयक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाता है। उन्होंने कहा कि सरकार अल्पसंख्यकों और बहुसंख्यकों के बीच भेदभाव नहीं करती, जैसा विपक्ष करता है। राष्ट्रीय सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शर्मा ने संसद भवन परिसर में मीडियाकर्मियों से कहा कि यदि गैर-सरकारी संगठनों द्वारा प्राप्त विदेशी निधियों का उपयोग सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने, मीडिया और सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने या नक्सलवाद को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है, तो राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सरकार के लिए प्रतिबंध लगाना निश्चित रूप से आवश्यक है।

## ट्रांसजेंडर कानून में बदलाव को राष्ट्रपति से मिली मंजूरी

ट्रांसजेंडर से जुड़े कानून में बदलाव को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई है। नए प्रावधानों में ट्रांसजेंडर लोगों के खिलाफ हिंसा के मामलों में अलग-अलग स्तर की सजा तय की गई है। संशोधन में ट्रांसजेंडर की परिभाषा को साफ किया गया है। इसमें कहा गया है कि गे, लेस्बियन जैसे अलग-अलग जेंडर या पहचान को इस कानून के दायरे में शामिल नहीं किया जाएगा।

## पीएम ने गोगामुख व बिस्वनाथ में की जनसभा

# असम में भाजपा व एनडीए की हैट्रिक लगनी तयः मोदी



- कांग्रेस को बताया देश और राज्य में विकास विरोधी
- घुसपैठ और अवैध कब्जे का मुद्दा भी उठाया

एजेंसी ▶▶| डिब्रूगढ़ / बिस्वनाथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को असम के बिस्वनाथ जिला में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक सत्ता के लिए असम की आत्मा, शान, पहचान और सुरक्षा से खिलवाड़ किया। प्रधानमंत्री ने आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत का दावा किया। साथ ही कहा कि असम में भाजपा व एनडीए की हैट्रिक लगनी तय है। उन्होंने कहा कि यह भरोसा पिछले वर्षों में हुए विकास कार्यों पर आधारित है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने वोट बैंक के लिए अवैध घुसपैठियों को बढ़ावा दिया और जमीन पर अवैध कब्जों को नजरअंदाज किया।

### कांग्रेस के राजकुमार की हार की सेंचुरी पक्कीः प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने धेमाजी जिले के गोगामुख में पहली चुनावी जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने भाजपा उम्मीदवार रनोज पेगू और नबा कुमार डोले के पक्ष में जनता से वोट मांगे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी तीसरी हार तय है। कांग्रेस के 'राजकुमार' हार का शतक लगाएंगे।

### प्रियंका ने भाजपा को 'डबल गुलामी' की सरकार बताया

नाजिरा। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने केंद्र के साथ-साथ असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में 'एक परिवार' सब कुछ लूट रहा है। नाजिरा में आयोजित इस चुनावी रैली में उन्होंने प्रधानमंत्री पर भी तीखा हमला किया।

## ममता को सताया नए अधिकारियों का डर, बोलीं

# नामांकन भरते समय सतर्क रहें प्रत्याशी



**कोलकाता।** टीएमसी प्रमुख ममता बेनर्जी ने बआरोप लगाया कि चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त नए अधिकारियों को उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन खारिज करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने टीएमसी प्रत्याशियों से नामांकन दाखिल करते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की। बीरभूम में चुनावी रैली के दौरान यह बात कही।

## महिलाएं लंबे समय तक करतीं हैं काम

- फिनटेक मंच 'सैलरी-से' की ओर से किए अध्ययन में दावा
- 47,800 से अधिक ईपीएफओ रिकॉर्ड का किया विश्लेषण
- महिलाओं औसत 10 .6 महीने जबकि पुरुषों 7 .8 महीने ही नौकरी पर टिके

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत में संगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं, पुरुषों की तुलना में ₹36 प्रतिशत₹ अधिक समय तक अपनी नौकरी में टिकी रहती हैं। बुधवार को जारी नई रिपोर्ट में जानकारी दी है, जो इस पुरानी धारणा को गलत साबित करती है कि महिलाएं जल्दी नौकरी छोड़ देती हैं। वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) मंच 'सैलरी-से' द्वारा किए गए इस अध्ययन के आंकड़े 47,800 से अधिक ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) रिकॉर्ड के विश्लेषण पर आधारित हैं। इनमें मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों के वेतनभोगी पेशेवरों को शामिल किया गया है। महिलाओं का नौकरी पर टिके रहने का औसत समय 10.6 महीने है, जबकि पुरुषों के लिए यह केवल 7.8 महीने है।

## विश्व मंच पर आयुर्वेद की गूंज

# आचार्य बालकृष्ण को मिला 'विश्व आयुर्वेद रत्न' सम्मान




नेट ग्रीन फाउंडेशन की ओर से श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण को 'विश्व आयुर्वेद रत्न' के सम्मान के लिए जब घोषणा की गई तो मंच के पीछे बड़े स्क्रीन पर उनकी छवि प्रदर्शित की गई

**हरिद्वार।** आयुर्वेद को वैश्विक पहचान दिलाने और भारतीय ज्ञान-परंपरा के संरक्षण में निरंतर कार्य कर रहे श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण को एक और अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है। नेट ग्रीन फाउंडेशन की ओर से आयोजित अर्थ अवार्ड एंड हाई इंपैक्ट सस्टेनेबिलिटी डायलॉग 2026 के अंतर्गत उन्हें 'विश्व आयुर्वेद रत्न' से अलंकृत किया गया। यह गरिमामयी समारोह यूनेस्को हाउस नई दिल्ली में आयोजित हुआ। जिसमें देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व मौजूद रहें।हालांकि श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने इस सम्मान को आयुर्वेद की उस महान परंपरा को समर्पित किया जो हजारों वर्षों से मानवता के समग्र स्वास्थ्य और संतुलित जीवन का मार्ग प्रशस्त करती आई है।



चिंतन

# जनगणना में लें बढ़-चढ़कर हिस्सा

देश में 1 अप्रैल 2026 से बहुप्रतीक्षित जनगणना प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है। यह केवल एक सांख्यिकीय अभ्यास नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना के माध्यम से जुटाए गए आंकड़े ही आने वाले वर्षों में सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास के खाके को निर्धारित करते हैं। ऐसे में यह केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का भी कर्तव्य है कि वह इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए और इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। इस बार की जनगणना कई मायनों में विशेष है। पहली बार इसे पूरी तरह डिजिटल माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। अब तक जहां आंकड़े कागज पर दर्ज होते थे और बाद में उन्हें डिजिटाइज किया जाता था। वहीं इस बार कर्मचारी मोबाइल एप के जरिए सीधे डेटा एकत्र करेंगे। इससे न केवल प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि त्रुटियों की संभावना भी कम होगी। इसके साथ ही नागरिकों को 'स्वयं-गणना' की सुविधा भी दी गई है, जिससे वे खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। जनगणना की यह प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी। पहला चरण 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2026 तक चलेगा, जिसमें 'हाउस लिस्टिंग' यानी मकानों की गिनती और उनमें उपलब्ध सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। इससे देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति का प्रारंभिक आकलन संभव होगा। दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा, जिसमें वास्तविक जनसंख्या गणना की जाएगी। इस जनगणना की एक और महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि लगभग 90 वर्षों बाद जाति-आधारित आंकड़े भी एकत्र किए जाएंगे। इससे पहले 1931 में इस प्रकार का डेटा जुटाया गया था। आज के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे सामाजिक न्याय, आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं के लिए ठोस आधार तैयार होगा। हालांकि, इस विषय पर विभिन्न मत हो सकते हैं, फिर भी यह स्पष्ट है कि सटीक आंकड़े ही सटीक नीतियों का आधार बनते हैं। करीब 34 लाख कर्मचारियों की विशाल टीम इस कार्य में जुटी है, जो घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेगी। ऐसे में आम नागरिकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। जब जनगणना कर्मचारी आपके घर आएं, तो उनके साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार करें और सही व पूरी जानकारी दें। गलत या अधूरी जानकारी न केवल आंकड़ों को प्रभावित करती है, बल्कि भविष्य की योजनाओं को भी कमजोर कर सकती है। इस बार जनगणना में कुछ नए पहलू भी शामिल हैं, जैसे लिव-इन संबंधों को मान्यता देना (यदि संबंध स्थिर हैं) और आधुनिक जीवनशैली से जुड़े पहलुओं को भी दर्ज करना। यह बदलते समाज की झलक को दर्शाता है और यह बताता है कि सरकार वर्तमान वास्तविकताओं को समझकर नीति निर्माण करना चाहती है। कुल मिलाकर जनगणना केवल सरकार की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक की भागीदारी से सफल होने वाला राष्ट्रीय अभियान है। यह वह अवसर है, जब हर व्यक्ति अपने अस्तित्व को आधिकारिक रूप से दर्ज कराता है और देश के विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करता है। देश के विकास की मजबूत नींव सटीक आंकड़ों पर ही टिकी होती है। इसलिए जरूरी है कि हम सभी इस प्रक्रिया को गंभीरता से लें, जागरूक बनें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जनगणना में आपकी भागीदारी न केवल आपकी पहचान को दर्ज करती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य की राह भी प्रशस्त करती है।



सफलता
प्रमोद भार्गव

# संकल्प के साथ नक्सलवाद का अंत

भारत में संकट बन चुकी राष्ट्रीय समस्याओं का समय-सीमा में अंत होना दुर्लभ है, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने यह कार्य करके दिखा दिया। गृहमंत्री अमित शाह लगातार कहते रहे हैं कि माओवादी नक्सलवाद का अंत 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाएगा। अब पूरा देश मान रहा है कि भारत में राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ हो तो किसी भी समस्या का निपटारा किया जा सकता है। हालांकि तत्काल तो इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगता दिखाई दे रहा है, लेकिन सरकार को ध्यान रखना होगा कि सरकार की सतर्कता कम होती दिखाई देगी तो ये वामपंथी हताश एवं निराश माओवादियों को सिर उठाने के संसाधन फिर से देने लग जाएंगे।

भारत में संकट बन चुकी राष्ट्रीय समस्याओं का समय-सीमा में अंत होना दुर्लभ है, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने यह कार्य करके दिखा दिया। गृहमंत्री अमित शाह लगातार कहते रहे हैं कि माओवादी नक्सलवाद का अंत 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाएगा। उन्होंने यह करके दिखा भी दिया। वरना नक्सलवाद को संरक्षण दे रहे नगरीय तथाकथित बौद्धिक इस सशस्त्र खूनी क्रांति को राष्ट्र विरोधी संघर्ष मानते ही नहीं थे। बस्तर में 25 लाख के इनामी नक्सली सरगना पापा राव ने अपने 17 साथियों के साथ जिस तरह से हथियारों सहित समर्पण किया, उससे देश के सबसे बड़े गढ़ में माओवादी हिंसा का निर्णायक अंत हो गया। इस क्षेत्र का यही अंतिम सरगना शेष बचा था। नक्सलवाद का अंत ठीक उसी तरह हुआ है, जिस तरह प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव के कार्यकाल में पंजाब के उग्रवाद का अंत हुआ था।

इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छा शक्ति को जाता है। अब पूरा देश मान रहा है कि भारत में राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ हो तो किसी भी समस्या का निपटारा किया जा सकता है। क्योंकि देश की जिस तरह की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियां हैं और सशक्त प्रशासनिक ढांचा है, उसके चलते किसी भी प्रकार की सशस्त्र क्रांति का उग्रवाद और नक्सलवाद की तरह अंत होना निश्चित है। कश्मीर का पाक प्रायोजित आतंकवाद का भी यही हश्र होना है। छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता तब मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। यह कुख्यात दरिंदा होने के साथ गुरिल्ला लड़ाका था। माओवादी पार्टी का इसे पर्याय माना जाता था। इसका नक्सली सफर 1985 से शुरू हुआ था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है, इसलिए अमित शाह ने लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' मुद्दे पर चली चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि 'एक समय 12 राज्य लाल आतंक का गलियारा बन गए थे। कानून व्यवस्था नहीं थी। देश में अब नक्सलवाद खत्म हो गया है। 'शाह ने बताया कि इस दौरान 706 नक्सली मारे गए, 4800 ने समर्पण किया है और 2000 गिरफ्तार हुए हैं। इस समस्या के परिप्रेक्ष्य में शाह ने कहा, '75 साल में 60 साल कांग्रेस ने राज किया। लेकिन उसने आदिवासियों को न घर दिए, न पानी, न स्कूल बनाए और न ही बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाई।' 'शाह का यह बयान तर्कसंगत है, क्योंकि शहरी वामपंथियों से भयभीत कांग्रेस नेतृत्व नक्सलवाद को कश्मीर के आतंकवाद और पूर्वोत्तर के उग्रवाद की तरह बड़ी चुनौती तो मानती थी, लेकिन उससे निपटने की कभी कोई कठोर रणनीति नहीं बनाई। यही कारण रहा कि छत्तीसगढ़ के जगदलपुर इलाके में नक्सली आतंक



बेखौफ फलता-फूलता रहा। इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र को कमजोर करने की दृष्टि से सरकार ने बहुआयामी कदम उठाए। सबसे पहले उन नगरीय बौद्धिकों पर शिकंजा कसा, जो इन्हें राष्ट्रविरोधी वामपंथी वैचारिक खुराक देते थे। केंद्र सरकार ने सुरक्षाबलों को आधुनिक हथियार एवं यांत्रिक सुविधाएं देकर इन्हें सशक्त बनाया। इसका परिणाम निकला कि एक के बाद एक खून की इबारत लिखने वाले नक्सली मारे जाने लगे। जो नक्सली समर्पण के लिए तैयार हुए उन्हें समर्पण का अवसर और समझौते में बताई गई शर्तों का पालन करने का भरोसा दिया। नतीजतन इसके पहले तक गुप्तचर एजेंसियां नक्सलियों का सुराग लगाने में असफल रहती थीं, उन्हें नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद भरोसे की सूचनाएं मिलने लगीं। इस रणनीति के बाद से सैन्यबलों को सटीक सूचनाएं मिलीं और वे नक्सलियों को निशाना बनाने में लगातार कामयाब होने लगे। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनमें ये खुद आकर नक्सली बने हैं, इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर एजेंसियों को खबर देने लगे। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों में छिपने के स्थलों और जल स्रोतों से भी ये खूब परिचित थे। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही हैं। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की रक्तरंजित मुहिम जारी रखनी है। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं, लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए थे, उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में असफल रहीं।

दरअसल, देश में अब तक तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। यह न केवल उनको वैचारिक खुराक देकर उन्हें उकसाने का काम करता था, बल्कि उनके लिए धन और हथियार जुटाने के माध्यम भी खोले हुए था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की थी और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते थे। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता था, उसकी बोलती बंद कर दी जाती थी। हालांकि तत्काल तो इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगता दिखाई दे रहा है, लेकिन सरकार को ध्यान रखना होगा कि नक्सलियों के जो भी नगरीय बौद्धिक समर्थक हैं, उनके तार देश-विदेश में नक्सल समर्थक वामपंथियों से जुड़े हैं, जो इन्हें धन और हथियार उपलब्ध कराते रहे हैं। सरकार की सतर्कता कम होती दिखाई देगी तो ये वामपंथी हताश एवं निराश माओवादियों को सिर उठाने के संसाधन फिर से देने लग जाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
पंडित मोहन लाल बड़ौली



# सिर्फ शक्ति नहीं, भक्ति के प्रतीक भी हैं श्री हनुमान


हनुमान जयंती का पावन पर्व भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा में अद्वितीय स्थान रखता है। यह केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, प्रेरणा और संकल्प का अवसर भी है। हनुमान के जीवन को यदि हम गहराई से समझें, तो यह स्पष्ट होता है कि वे केवल शक्ति और पराक्रम के प्रतीक नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण, अनुशासन और विनम्रता के भी सर्वोच्च आदर्श हैं। उनका संपूर्ण जीवन इस बात का उदाहरण है कि जब व्यक्ति अपने व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर किसी महान उद्देश्य के लिए समर्पित हो जाता है, तो वह असंभव को भी संभव बना सकता है। इनका चरित्र हमें यह सिखाता है कि सच्ची शक्ति केवल शारीरिक बल में नहीं होती, बल्कि वह शक्ति सेवा के भाव, आत्मसंयम और कर्तव्यनिष्ठा में निहित होती है। उन्होंने कभी अपने लिए कुछ नहीं चाहा, उनका हर कार्य प्रभु श्री राम की सेवा और उनके उद्देश्य की पूर्ति के लिए था। यही निष्काम भाव उन्हें अन्य सभी से विशिष्ट बनाता है। जब लंका में जाकर उन्होंने माता सीता का पता लगाया, जब संजीवनी लाकर उन्होंने लक्ष्मण के प्राण बचाए, तब उन्होंने अपने सामर्थ्य का उपयोग केवल धर्म और कर्तव्य के लिए किया, न कि किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए। यह भावना आज के समय में भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस युग में थी। आज जब हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में समाज और राष्ट्र की सेवा में जुटे हैं, तब हनुमान का जीवन हमारे लिए मार्गदर्शक बन जाता है। एक सच्चा कार्यकर्ता भी उसी भावना के साथ कार्य करता है, निःस्वार्थ सेवा, संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानना। जिस प्रकार हनुमान ने हर चुनौती को अवसर में बदला और हर परिस्थिति में प्रभु श्री राम के साथ खड़े रहे, उसी प्रकार भाजपा का हर कार्यकर्ता भी हर परिस्थिति में समाज के साथ खड़ा रहता है। चाहे कठिनाइयां हों, आलोचनाएं हों या बाधाएं-उसका ध्येय केवल सेवा और राष्ट्र निर्माण होता है। हनुमान को "संकटमोचन" कहा जाता है, क्योंकि वे हर संकट को दूर करने वाले हैं। यह केवल एक धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि एक जीवन दृष्टि भी है। आज जब हमारा देश विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब यह आवश्यक है कि हम भी उसी



भावना को अपनाएं-समस्याओं से भागने के बजाय उनका समाधान बनें। यही कारण है कि आज संगठन केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण का व्यापक आंदोलन बन चुका है। हनुमान जी के जीवन का एक और महत्वपूर्ण पक्ष है उनका अनुशासन और अपने प्रभु श्रीराम पर अटूट विश्वास। उन्होंने सदैव प्रभु श्री राम के आदेश को सर्वोपरि माना और कभी भी अपने निर्णय को उनके आदेश से ऊपर नहीं रखा। यही अनुशासन उन्हें महान बनाता है। संगठन के संदर्भ में भी यह बात उतनी ही महत्वपूर्ण है। जब कार्यकर्ता अनुशासन के साथ, एकजुट होकर और एक ही लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य करते हैं, तब कोई भी शक्ति उन्हें आगे बढ़ने से रोक नहीं सकती। आज के समय में, जब व्यक्तिगत स्वार्थ और प्रतिस्पर्धा की भावना समाज में बढ़ती जा रही है, तब हनुमान जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्ची सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों में नहीं, बल्कि सामूहिक कल्याण में निहित होती है। जब हम अपने कार्यों को समाज और राष्ट्र के हित से जोड़ते हैं, तब हमारा हर प्रयास एक बड़े उद्देश्य का हिस्सा बन जाता है। यही विचार हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है और यही हमें एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। हनुमान जयंती का यह पावन अवसर हम सभी के लिए एक संकल्प का क्षण है। यह हमें यह सोचने का अवसर देता है कि क्या हम अपने जीवन में उन आदर्शों को अपना पा रहे हैं, जिनका प्रतिनिधित्व हनुमान जी करते हैं। क्या हम सेवा, समर्पण, अनुशासन और विनम्रता के मार्ग पर चल रहे हैं? यदि नहीं, तो यह अवसर है स्वयं को पुनः दिशा देने का। यदि हां, तो यह अवसर है अपने संकल्प को और मजबूत करने का। आइए, इस पावन पर्व पर हम सभी यह संकल्प लें कि हम अपने भीतर हनुमान जी के गुणों को विकसित करेंगे, समाज और राष्ट्र की सेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाएंगे और एक ऐसे भारत के निर्माण में योगदान देंगे जो मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर हो। यही सच्चे अर्थों में हनुमान जयंती का संदेश है और यही हमारे जीवन का मार्गदर्शन भी।

(लेखक भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## यह मन का कमाल है



संकलित
दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

## मूर्ख साधू और ठग



संकलित
प्रेरणा

किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गांव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षा- किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### डिजिटल जनगणना का महत्त्व

भारत में होने जा रही आगामी जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक साबित होने वाली है। यह पहली बार होगा जब जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिससे न केवल प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी, बल्कि आंकड़ों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। पारंपरिक कागज आधारित प्रणाली के स्थान पर अब मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम डेटा मॉनिटरिंग का उपयोग किया जाएगा। इससे जनगणना कर्मचारियों द्वारा एकत्रित जानकारी सीधे सर्वर पर पहुंचेगी, जिससे डेटा प्रोसेसिंग में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। इस डिजिटल जनगणना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसे दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। इससे डेटा अधिक व्यवस्थित और विश्लेषण योग्य बनेगा।

*- अशोक कुमार, पहरावर, रोहतक*

## करंट अफेयर

### ईरान को व्यवस्थित तरीके से कुचला जा रहा : नेतन्याहू

ईरान के खिलाफ युद्ध में 'बड़ी उपलब्धियों' की प्रशंसा करते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल-अमेरिका का संयुक्त अभियान इस्लामी शासन को 'व्यवस्थित तरीके से कुचल रहा है' और इस यहूदी राष्ट्र के सामने मौजूद अस्तित्वगत खतरों को खत्म कर रहा है। यहूदी पर्व 'पेसाच' (पासओवर) से पहले हिब्रू में राष्ट्र को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि 'देर-सवेर' ईरानी शासन गिर जाएगा और इजराइल, तेहरान से उत्पन्न साझा खतरे के खिलाफ 'क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के साथ नए गठबंधन' बना रहा है। इजराइली प्रधानमंत्री ने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन संक्षेप में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 'जल्द ही मैं आपको इन महत्वपूर्ण गठबंधनों के बारे में और बता पाऊंगा।' नेतन्याहू ने कहा, 'स्वतंत्रता पर्व की पूर्व संध्या पर इजराइल पहले से कहीं अधिक मजबूत है। पूरी दुनिया ईरान के दुष्ट शासन के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमारी दहाड़ सुन रही है, एक ऐसी लड़ाई जिसमें हमने अपार उपलब्धियां हासिल की हैं।' यह संबोधन ऐसे समय में आया जब देश लेबनान में जमीनी अभियान के दौरान चार सैनिकों की मौत पर शोक मना रहा है।



## ऑफ बीट

### जैतून के पत्ते का अर्क भी स्वास्थ्य के लिए अच्छा

जैतून में कई स्वास्थ्यवर्धक पोषक तत्व भी होते हैं। अब जैतून के पत्तों के स्वास्थ्य लाभ के बारे में प्रमाण बढ़ रहे हैं जिनमें हाल में किए गए एक अध्ययन से प्राप्त साक्ष्य भी शामिल हैं। जैतून के पत्तों को पारंपरिक रूप से भूमध्य सागर क्षेत्र में चाय के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और बुखार एवं मलेरिया के इलाज में यह चाय पी जाती है। जैतून की पत्तियों में 'ओलेयूरोपिन' नामक एक प्रकार का 'एंटीऑक्सीडेंट' उच्च मात्रा में पाया जाता है। जैतून और जैतून के तेल में भी यह पाया जाता है, लेकिन कम मात्रा में। आम तौर पर, पत्ती जितनी हरी होती है (कम पीली) उसमें उतना ही अधिक 'ओलेरोपिन' होता है। जैतून के पत्तों में अन्य 'एंटीऑक्सीडेंट' भी होते हैं जैसे 'हाइड्रॉक्सीटायरोसोल', 'ल्यूटोलिन', 'एपिजेनिन' और 'वर्बास्कोसाइड'। 'एंटीऑक्सीडेंट' शरीर में 'ऑक्सीडेटिव' तनाव को कम करते हैं। 'ऑक्सीडेटिव' तनाव हमारे डीएनए (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड), कोशिका झिल्ली और ऊतकों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।



## ट्रेंड

### स्वच्छता रैंकिंग

लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन एवं क्लीन सिटी-ग्रीन सिटी की सिद्धि हेतु आज लखनऊ में पर्यावरण अनुकूल हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हुआ है।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### लिएंडर पेस का स्वागत

भाजपा परिवार में शामिल होने के उपरांत, टेनिस जगत के प्रतिष्ठित खिलाड़ी एवं ओलंपिक पदक विजेता लिएंडर पेस ने आज शिष्टाचार भेंट की। खेल के क्षेत्र में आपका व्यापक अनुभव और राष्ट्र के प्रति आपकी निष्ठा निश्चित रूप से समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



### बीजेपी को हार का डर

तीन महीनों में गुजरात में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ़ 145 एफआईआर हो चुकी हैं। बीजेपी गुजरात में हार के डर से हमारी पार्टी से बुरी तरह से बौखलायी हुई है। आज हमारे राज्य अध्यक्ष इसुदान गढ़वी को गिरफ्तार कर लिया।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



### ज़रूरी वस्तुएं महंगी

मोदी सरकार ने देश की सामरिक और आर्थिक नीति तहस-नहस कर दी है। इसका सीधा खामियाज़ा 140 करोड़ भारतीयों को उठाना पड़ रहा है। आज से रोजमर्रा की कई ज़रूरी चीज़ों के दाम बढ़ेंगे।

- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# अय्यर ने भुगता स्लो ओवर रेट का खमियाजा, आईपीएल ने पंजाब किंग्स पर लगाया 12 लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। पंजाब किंग्स ने 31 मार्च को मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराया। हालांकि, जीत के बाद पंजाब किंग्स को तगड़ा झटका लगा।

इंडियन प्रीमियर लीग की गर्वनिंग काउंसिल ने पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया। आईपीएल ने स्लो ओवर रेट के चलते आचार संहिता के तहत श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ओवर-रेट को लेकर आईपीएल 2026 में यह उनकी टीम का पहला उल्लंघन था।

### अनुच्छेद 2.22 के तहत लगाया गया जुर्माना

पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान स्लो ओवर रेट बनाए रखा। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'चूंकि यह आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत इस सीजन में श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स का पहला अपराध (न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित) है, इसलिए उन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

### अंकतालिका में राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर

आईपीएल 2026 में चौथे मैच के बाद राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर है। गुजरात टाइटंस को हराने के बाद भी पंजाब किंग्स चौथे नंबर पर है। चेन्नई सुपर किंग्स आखिरी पायदान पर है। टॉप-5 बल्लेबाजों की बात करें तो मुंबई इंडियंस के रयान रिकेल्टन शीर्ष पर हैं। टॉप-5 गेंदबाजों में जैकब डफी पहले नंबर पर हैं।

### अय्यर की कलाई पर लगी चोट, कहा- कोई अपशगुन नहीं करना चाहता



आईपीएल में 31 मार्च की रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की कलाई पर उनके ही साथी बल्लेबाज कूपर कोनोली का शॉट सीधे जाकर लगा। जब फिजियो उनकी जांच कर रहे थे, तब वह काफी दर्द में दिखाई दे रहे थे। इसके बाद ठीक अगली ही गेंद पर वह आउट हो गए। मैच के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा कि उनकी कलाई वैसी ही है जैसी पहले थी और वह किसी भी चीज को लेकर कोई अपशगुन नहीं करना चाहते थे। चोट के बारे में पूछे जाने पर श्रेयस अय्यर ने कहा, 'मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि यह ठीक है। यह वैसी ही है जैसी पहले थी। मैं किसी भी चीज को लेकर कोई अपशगुन नहीं करना चाहता। मैं बस सकारात्मक रहना चाहता हूं और उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा।

### कूपर का खेल अविश्वसनीय

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कूपर कोनोली के प्रदर्शन पर कहा, 'उसने जो शॉट्स खेले, उनमें से कुछ को देखना किसी सपने जैसा था। यह अविश्वसनीय था। आईपीएल के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक राशिद खान की गेंद पर बैकफुट पर जाकर इतनी सफाई और खूबसूरती से छक्का मारना, यह सचमुच जबरदस्त था।

### मैं कलाई पर बर्फ लगा रहा था : श्रेयस

श्रेयस अय्यर ने 18 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने कहा कि जब पंजाब किंग्स के अचानक तीन विकेट (निहाल वढेरा, शशांक सिंह और मार्कस स्टोइनिस) गिर गए उस दौरान वह अंदर अपने हाथ पर बर्फ लगा रहे थे। श्रेयस अय्यर ने कहा, सच कहूं तो मेरा ध्यान अंदर अपने हाथ पर था, मैं उस पर बर्फ लगा रहा था और तभी अचानक हमने एक के बाद एक दो विकेट गंवा दिए। आईपीएल में ऐसी चीजें होती रहती हैं। श्रेयस अय्यर ने कहा, ...और ऐसी स्थितियों में आपको शांत और संयमित रहना होता है, इसलिए संदेश बहुत सीधा-सा था। बस खेल को आखिर तक ले जाओ और कूपर वहां मौजूद था। वह पूरी तरह से जम चुका था। एक खिलाड़ी के तौर पर उसकी समझ बहुत अच्छी है। मैंने उसे पहले भी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते देखा है। उसकी सोच बहुत बढ़िया है। उम्मीद है कि वह इसी फॉर्म को जारी रखेगा।

## खबर संक्षेप



### आखिरी मैच में मेस्सी ने दिखाया जलवा

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम की तरफ से घरेलू मैदान पर संभवतः अपने आखिरी मैच में लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप फुटबॉल से पहले खेले गए मैत्री मैच में जाम्बिया के खिलाफ अपनी टीम की 5-0 से शानदार जीत में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। ब्यूनस आयर्स के ला बोम्बोनेरा स्टेडियम में 38 वर्षीय मेस्सी ने चौथे मिनट में जूलियन अल्वारेज को गोल करने में मदद की और फिर 43वें मिनट में गोल किया। दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उनसे अर्जेंटीना को एक और विश्व कप जिताने में मदद करने की अपील लगाई। विश्व कप 11 जून से अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। अर्जेंटीना के लिए निकोलस ओटामेंडी और वैलेन्टिन बारको ने भी गोल किए।

### लेवांडोवस्की ने दिए संन्यास के संकेत



**स्टाकहोम।** पोलैंड के विश्व कप में जगह नहीं बना पाने के बाद उसके स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास के संकेत दिए। स्वीडन ने प्लेआफ फाइनल में पोलैंड को 3-2 से हराया। इसके बाद लेवांडोवस्की ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा की, जिसमें उनके हाथ में कप्तान का आर्मबैंड है और पीछे 'टाइम टू से गुडबाय' गाना बज रहा है। बार्सीलोना के इस स्ट्राइकर ने सीधे संन्यास को लेकर कुछ नहीं कहा कि पहले भी वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास के संकेत दे चुके हैं। पिछले साल टीम के तत्कालीन कोच से मतभेदों के बाद भी उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल छोड़ने की धमकी दी थी, जिसके बाद कोच ने इस्तीफा दे दिया था। पोलैंड के लिए 2008 में पदार्पण करने वाले लेवांडोवस्की 165 मैचों में 89 गोल कर चुके हैं।

### एशियाई मुक्केबाजी : क्वार्टर फाइनल में विश्वनाथ, सचिन



**उलानबटोर।** भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई चैंपियनशिप के तीसरे दिन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जब विश्व कप पदक विजेता सचिन सिवाच और विश्वनाथ सुरेश क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सचिन ने मंगोलिया के बुयांदालाइ बायारखू को 60 किलोवर्ग में 4-1 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै के चेंग वेइ ली से होगा। वहीं विश्वनाथ ने किर्गीस्तान के बेकजात एरजेशोव को 5-0 से मात दी। अब वह मौजूदा विश्व चैंपियन कजाखस्तान के संजार ताशकेन्बे से खेलेंगे।

## आईपीएल: रिजवी ने 70 रन की शानदार पारी खेली, बने मैन ऑफ द मैच

# गेंदबाजों और रिजवी ने दिल्ली को लखनऊ पर 6 विकेट की जीत दिलाई

### रिजवी और स्टब्स ने पांचवें विकेट के लिए 110 रन की अटूट साझेदारी की

भाषा ▶▶| लखनऊ



तेज गेंदबाजों लुंगी एनगिडी और टी नटराजन की तूफानी गेंदबाजी के बाद समीर रिजवी के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरकर छह विकेट की जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। सुपर जाइंट्स के 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे रिजवी की 47 गेंद में चार छक्कों और पांच चौकों से नाबाद 70 रन की पारी और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 39, 32 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 110 रन की अटूट साझेदारी से 26 रन पर चार विकेट गंवाने के बावजूद 17.1 ओवर में चार विकेट पर 145 रन बनाकर जीत दर्ज की। सुपर जाइंटस की टीम इससे पहले तेज गेंदबाजों लुंगी एनगिडी (27 रन पर तीन विकेट) और टी नटराजन (29 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.4 ओवर में 141 रन पर सिमट गई। कुलदीप यादव (31 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट हासिल किए। सुपर जाइंट्स की ओर से अब्दुल समद (36) और सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (35) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। इन दोनों के अलावा टीम का अन्य कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने पांचवें ओवर में 26 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए। लोकेश राहुल (00) ने मोहम्मद शमी (28 रन पर एक विकेट) की पारी की पहली गेंद पर डीप प्वाइंट पर मोहसिन खान को कैच थमाया। नितीश राणा (15) ने शमी और प्रिंस यादव (20 रन पर दो विकेट) पर चौके जड़े। उन्होंने शमी पर छक्का भी मारा लेकिन मोहसिन (19 रन पर एक विकेट) की गेंद पर स्लिप में समद को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज पथमु निसांका (01) ने प्रिंस की गेंद को हवा में लहराकर विकेटकीपर कप्तान ऋषभ पंत को कैच थमाया जबकि इसी ओवर में दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल (00) भी बोल्ड हो गए। दिल्ली ने पावर प्ले में चार विकेट पर 33 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी ने विकेटों के पतन पर विराम लगाया। रिजवी ने एनरिच नोर्किया की गेंद पर विकेट के पीछे छक्का जड़कर आठवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया।

### लखनऊ-141/10

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मिचेल मार्श का स्टब्स बो कुलदीप | 35 |
| ऋषभ पंत रन आउट | 07 |
| एडेन मार्करम बो अक्षर | 11 |
| आयुष बडोनी का राहुल बो नटराजन | 00 |
| निकोलन पूरन बो एनगिडी | 08 |
| अब्दुल समद का मिलर बो नटराजन | 36 |
| मुकुल चौधरी का एवं बो कुलदीप | 14 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 15 |
| शमी का कुलदीप बो नटराजन | 01 |
| नोर्किया का स्टब्स बो एनगिडी | 00 |
| मोहसिन का मुकेश बो एनगिडी | 00 |

अतिरिक्तः 14,
**कुलः** 18.4 ओवर में सभी विकेट खोकरः 141 रन।
**विकेट पतनः** 1-19, 2-48, 3-49, 4-65, 5-71, 6-105, 7-138, 8-140, 9-141
**गेंदबाजीः** मुकेश 3-0-17-0, एनगिडी 3.4-0-27-3, अक्षर 3-0-17-1, नटराजन 4-0-29-3, कुलदीप 4-0-31-2, विपराज 1-0-8-0

### दिल्ली-145/4

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| लोकेश राहुल का मोहसिन बो शमी | 00 |
| पथुम निसांका का पंत बो प्रिंस | 01 |
| नितीश राणा का समद बो मोहसिन | 15 |
| समीर रिजवी नाबाद | 70 |
| अक्षर पटेल बो प्रिंस | 00 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 39 |

अतिरिक्तः 20
कुलः17.1 ओवर में चार विकेट परः 145 रन
विकेट पतनः 1-0, 2-21, 3-25, 4-26
गेंदबाजीः शमी 4-0-28-1, प्रिंस 3-0-20-2, मोहसिन 4-1-19-1, नोर्किया 4-0-39-1, शाहबाज 1-0-16-0, मारक्रम 1-0-13-0, समद 0.1-0-6-0

### आईपीएल में बड़ा मुकाबला आज, जीत की तलाश में सनराइजर्स और केकेआर





**कोलकाता।** अपने पहले मैच में हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग के गुरुवार को होने वाले मैच में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है। केकेआर की टीम अपने स्पिनरों की फॉर्म में वापसी को लेकर उत्सुक होगा जबकि सनराइजर्स को भी अपने गेंदबाजी विभाग में काफी सुधार करना होगा। यह मुकाबला तीन बार के चैंपियन केकेआर के लिए घरेलू मैदान पर होने वाले महत्वपूर्ण दौर की शुरुआत भी है, जिसे आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए यहां सात दिन में तीन मैच और फिर 19 अप्रैल को एक और मैच खेलना है।

## आईसीसी टी20 रैंकिंग

# ईशान दे रहे अभिषेक को कड़ी टक्कर एस्टरहुइजेन ने लगाई जबर्दस्त छलांग

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी टी20 खिलाड़ियों की बुधवार को जारी रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। अभिषेक 875 अंक के साथ शीर्ष पर हैं जबकि ईशान के 871 अंक हैं। तिलक वर्मा छठे और भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर आठवें और न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट नौंवे स्थान पर हैं। साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन ने जबर्दस्त छलांग लगाई है और पहले वह शीर्ष सौ से बाहर थे लेकिन अब 39वें स्थान पर हैं।

### गेंदबाजों में राशिद खान शीर्ष पर

गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर हैं जबकि भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती दूसरे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर हैं। हरफनमौलाओं की सूची में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा शीर्ष पर हैं जबकि हार्दिक पंड्या दूसरे स्थान पर हैं।

### बटलर को फायदा, टिम सिफर्ट गए नीचे

टॉप 10 में केवल एक ही बदलाव है। इंग्लैंड के जॉस बटलर एक स्थान के उछाल के साथ अब आठवें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट एक स्थान नीचे आए हैं, वे अब नौवें नंबर पर चले गए हैं। दरअसल न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच जो सीरीज हुई थी, उसमें टिम सिफर्ट नहीं खेल रहे थे, इसलिए उनकी रेटिंग कम हो गई है। यानी जॉस बटलर को बिना खेल ही थोड़ा सा फायदा मिल गया है।

### एस्टरहुइजन को जबरदस्त फायदा

कॉनर एस्टरहुइजन ने एक साथ 64 स्थानों की छलांग मारी है। साउथ अफ्रीका के युवा खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई तीन टी20 मैचों की सीरीज में अपनी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया था। सीरीज के पहले मैच में तो वे 15 ही रन बना सके। इसके बाद दूसरे मुकाबले में उनके बल्ले से 57 रनों की पारी आई। तीसरे और आखिरी मैच में उन्होंने 75 रन बना दिए थे। इसका फायदा उन्हें मिला है। सीरीज से पहले वे टॉप 100 से भी बाहर थे, लेकिन अचानक टॉप 40 में पहुंच गए हैं।

### भारतीय ट्रैप निशानेबाज विश्व कप में पुरुष और महिला दोनों वर्ग के फाइनल में पहुंचने में नाकाम

**टैंजियर (मोरक्को)।** भारतीय ट्रैप निशानेबाज बुधवार को यहां आयोजित पहले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में दो दिन के क्वालीफिकेशन दौर के बाद पुरुष और महिला दोनों वर्ग के फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहे। पुरुषों के ट्रैप वर्ग में पांच दौर के बाद 119 अंक के साथ काइनन चेनाई 13वें स्थान पर रहते हुए भारतीय निशानेबाजों के बीच शीर्ष पर रहे जबकि भवनीश मेंदीरत्ता ने 115 अंक के साथ 39वां स्थान हासिल किया। ओलंपियन पृथ्वीराज टोंडाइमन 57वें स्थान पर रहे जबकि सुल्तान मोहम्मद असद और ज्ञानचंद शरण सुशील क्रमशः 64वें और 73वें स्थान पर रहे। बुधवार को महिलाओं के ट्रैप वर्ग में आशीमा अहलावत 111 अंक के साथ 14वें स्थान पर रहीं।

## विमेंस वनडे

# न्यूजीलैंड ने रचा इतिहास, सबसे बड़ा रनचेज, टीम इंडिया का रिकॉर्ड ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| बेसिन रिजर्व

धमाकेदार फॉर्म में चल रही कप्तान अमेलिया केर की शानदार बल्लेबाजी के दम पर न्यूजीलैंड की टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहाड़ जैसे लक्ष्य को हासिल कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना डाला। न्यूजीलैंड ने बेसिन रिजर्व में खेले गए दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका के दिए 347 रन के बड़े लक्ष्य को दो विकेट से हासिल कर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। यह महिला वनडे इतिहास में हासिल किया गया अब तक का सबसे बड़ा लक्ष्य है। पिछले साल भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में 339 रन को हासिल करते हुए ये रिकॉर्ड बनाया था। इस मैच में कुल 696 रन बने। पहले साउथ अफ्रीका ने 346 रन बनाए और फिर न्यूजीलैंड ने 350 रन बना डाले।



### केर ने खेली नाबाद 179 रन की जबरदस्त पारी

केर ने सिर्फ 139 गेंद में नाबाद 179 रन की जबरदस्त पारी खेली। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के 346/6 के विशाल स्कोर को दो गेंद बाकी रहते पार कर लिया। सुजी बेट्स के जल्दी आउट होने के बाद केर क्रीज पर आईं और पूरी पारी के दौरान रन रेट को नियंत्रण में रखा। इस दौरान उन्हें जॉर्जिया प्लिमर (23) के साथ 52 रन की साझेदारी और बाद में इसाबेला गेज (68) का साथ मिला। गेज और केर ने मिलकर 120 रन की अहम साझेदारी की, जिसने मिडिल ओवर्स में टीम को संभाला। गेज ने 48 गेंद में 68 रन की तेज पारी खेली। इससे दबाव दक्षिण अफ्रीका पर आ गया। न्यूजीलैंड ने आखिरी ओवरों में लगातार विकेट गंवाए, लेकिन केर ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को संभालते हुए टीम को जीत की ओर ले गईं। आखिरी ओवर में 11 रन चाहिए थे। केर ने नादिन डी क्लार्क के खिलाफ तीन चौके लगाकर मैच खत्म किया और दो गेंद शेष रहते ऐतिहासिक जीत दिलाई।

### मध्यप्रदेश की पूर्व महिला खिलाड़ियों को हर महीने तय सहायता राशि देगा एमपीसीए

**इंदौर (भाषा)।** मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) ने राज्य की पूर्व महिला खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए उन्हें हर महीने 6,000 रुपये से 12,500 रुपये की सहायता राशि देने का फैसला किया है। एमपीसीए के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एमपीसीए के मानद सचिव सुधीर आसनानी ने बताया कि संगठन की मंगलवार को आयोजित प्रबंध समिति की बैठक में अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया ने पूर्व महिला खिलाड़ियों को मासिक सहायता राशि देने का प्रस्ताव रखा जिसे समिति ने मंजूरी दी। उन्होंने बताया कि जिन पूर्व महिला खिलाड़ियों को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से कोई सहायता नहीं मिलती है, उन्हें इस योजना का लाभ दिया जाएगा। आसनानी ने बताया,"अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की टेस्ट और एक दिवसीय स्पर्धाएं खेल चुकीं पूर्व महिला खिलाड़ियों को हर महीने एमपीसीए की ओर से 12,500 रुपये प्रदान किए जाएंगे।

## एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026

# सचिन सिवाच व विश्वनाथ सुरेश ने अगले दौर में जगह बनाई

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। 60 किलोग्राम भार वर्ग में भारत के उभरते मुक्केबाज सचिन सिवाच ने मंगोलिया के स्थानीय खिलाड़ी को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। सचिन ने मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज अपनाया और पूरे बाउट में अपने बेहतर फुटवर्क व सटीक पंचों के दम पर बढ़त बनाए रखी। वहीं, 50 किग्रा वर्ग में भारत के उभरते सितारे विश्वनाथ सुरेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किर्गिस्तान के मुक्केबाज़ बेकजात एरगेशोव को 5-0 के एकतरफा फैसले से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। मुकाबले के दौरान विश्वनाथ





सुरेश ने शुरू से अंत तक रिंग पर अपना दबदबा बनाए रखा। उनके सटीक पंच, बेहतरीन फुटवर्क और आक्रामक रणनीति के सामने प्रतिद्वंदी पूरी तरह बेबस नजर आया। हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप

# बहादुरगढ़ के अंश मान को मिली बेस्ट बॉक्सर की ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

चार दिवसीय राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप संपन्न हो गई। बेहतरीन प्रदर्शन के बल पर लड़कों के वर्ग में सोनीपत विजयी तो झज्जर की टीम उपविजेता बनी। जबकि लड़कियों में पानीपत व हिसार की टीमों ने बाजी मारी। बेस्ट बॉक्सर का खिताब बहादुरगढ़ के अंश मान को प्राप्त हुआ।

गत 28 से 31 मार्च तक बीएसएम स्कूल में यह चैंपियनशिप हुई थी। प्रदेशभर के लगभग 500 बॉक्सरों ने इसमें भाग लिया। चैंपियनशिप का संचालन हितेश देशवाल, गोविंद दलाल और कोच राहुल सैनी आदि कोचों के नेतृत्व में हुआ। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल, फिटनेस और अनुशासन का प्रदर्शन किया। कोच गोविंद दलाल ने बताया कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को मंच देना और उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना था।




**बहादुरगढ़।** चार दिवसीय राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप के बेस्ट बॉक्सर की ट्रॉफी प्राप्त करता बहादुरगढ़ का अंश मान।

## विश्व कप फुटबॉल : बोस्निया से पेनल्टी शूटआउट में हारा इटली

# इटली लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूका

एजेंसी ▶▶| जेनिका

फुटबॉल की महाशक्तियों में से एक चार बार का चैंपियन इटली को यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारने के कारण लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया। इटली की शुरुआत अच्छी रही थी।

उसकी तरफ से मोइसे कीन ने शुरुआती गोल किया, लेकिन हाफ टाइम से पहले उसके सेंटर बैक एलेसांद्रो बास्तोनी को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। इटली के सामने 10 खिलाड़ियों से खेलने के कारण अपनी बढ़त को बनाए रखने की बड़ी चुनौती थी, जिसमें वह नाकाम रहा जबकि बोस्निया ने इसका पूरा फायदा उठाया। उसके स्थानापन्न खिलाड़ी हारिस तबकोविच ने 79वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को 1-1 के स्कोर से अतिरिक्त समय में पहुंचा दिया।



### 2014 के बाद विश्व कप में पहुंचा बोस्निया

बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। यह केवल दूसरा अवसर है जबकि उसने विश्व कप में जगह बनाई। पेनल्टी शूटआउट में इटली के पियो एस्पोसिटो और ब्रायन क्रिस्टांटे अपने शॉट चूक गए जबकि एस्मीर बज्रक्तरेविच ने बोस्निया के लिए निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदल दिया। इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनजोला ने कहा,'हमें अब भी यकीन नहीं हो रहा कि हम टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और वह भी इस तरह से। यह सबके लिए निराशाजनक है। हमारे लिए, हमारे परिवारों के लिए और उन सभी बच्चों के लिए जिन्होंने कभी इटली को विश्व कप में खेलते नहीं देखा।' इटली के बाहर होने का मतलब है कि 1934, 1938, 1982 और 2006 का चैंपियन विश्व कप में कम से कम 16 साल तक एक भी मैच नहीं खेल पाएगा।




## खबर संक्षेप

### ईडी ने कोलकाता में 1.2 करोड़ रुपये जब्त किए



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कोलकाता में एक कथित अपराधी और उससे जुड़े गिरोह के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत छापेमारी अभियान के दौरान लगभग 1.2 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की। यह कार्रवाई बिस्वजीत पोद्दार उर्फ सोना पप्पू के खिलाफ हत्या के प्रयास और जबरन वसूली के आरोप में दर्ज मुकदमे के तहत की जा रही है। राजनीतिक संरक्षण प्राप्त पोद्दार के परिसर से एक देसी पिस्तौल भी जब्त की गई।

### धीरज सेठ ने सेना उप प्रमुख का पदभार संभाला



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दक्षिणी कमान का जिम्मा संभालने वाले लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने सेना के उप प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया। वह लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह का स्थान लेंगे। ले. जनरल सेठ ने भारतीय सेना में महत्वपूर्ण नेतृत्व पद ग्रहण करते हुए सलामी गारद का निरीक्षण किया। सिंह ने देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी और लखनऊ विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है और लगभग 40 वर्षों की सेवा में उन्होंने कई महत्वपूर्ण कमान और स्टाफ पदों पर कार्य किया है।

# ईरान ने बहरीन पर 186 मिसाइलों और 419 ड्रोन्स से किया हमला



ईरान का बहरीन पर मिसाइलों से हमला

कतर तट के पास ईरान ने एक तेल टैंकर पर किया हमला

ईरान ने यूएस के लुकास ड्रोन को बनाया निशाना

**ईरान जंग से जुड़े 4 बड़े टारगेट हासिल करने पर बोलेंगे ट्रम्प : व्हाइट हाउस**


व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि अपने प्राइमटाइम संबोधन में ट्रम्प बताएंगे कि अमेरिका ने अपने सभी टारगेट हासिल कर लिए हैं या उनसे आगे निकल गया है। इन लक्ष्यों में ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों और उनके उत्पादन केंद्रों को नष्ट करना, उसकी नौसेना को लाचार बनाना, तेहरान के प्रॉक्सी (समर्थकों) को इस क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने से रोकना और यह सुनिश्चित करना कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल न कर सके शामिल हैं। अधिकारी ने आगे कहा कि इस भाषण में इस बात पर जोर दिया जाएगा कि ये सैन्य अभियान दो से तीन हफ्तों के भीतर खत्म हो सकते हैं।

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ तेहरान

पश्चिम एशिया में एक महीने से ज्यादा समय से चल रहे संघर्ष में हालात अब विस्फोटक और बेकाबू हो चुके हैं। इजराइल और अमेरिका का ईरान के साथ जारी भीषण टकराव अब अपने 33वें दिन में प्रवेश कर चुका है और हालात ज्यादा खतरनाक रूप ले चुका है। मिसाइलों की बारिश और लगातार धमाकों ने तबाही का मंजर खड़ा कर दिया है। यह युद्ध अब सीमाओं को तोड़कर वैश्विक खतरा बन गया है, जहां हर पल विनाश और अनिश्चितता का साया गहराता जा रहा है। बहरीन की सेना ने बताया है कि पश्चिम एशिया संकट के दौरान उनके देश पर 186 मिसाइल और 419 ड्रोन हमले हुए हैं। ये हमले ईरान की तरफ से किए गए। इस बीच, बुधवार तड़के कतर के तट के पास एक तेल टैंकर पर भी हमला हुआ। ब्रिटेन की यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने बताया कि एक प्रोजेक्टाइल जहाज से टकराया।हालांकि, इस हमले में किसी तरह का पर्यावरणीय नुकसान नहीं हुआ और जहाज का चालक दल सुरक्षित है। वहीं, मंगलवार को दुबई के पास एक कुवैती तेल टैंकर पर भी हमला हुआ था। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक फारस की खाड़ी में 20 से अधिक जहाजों पर हमले हो चुके हैं।

**ईरानी राष्ट्रपति का संदेश**

## हमारे मन में अमेरिकी लोगों के प्रति कोई दुश्मनी नहीं : मसूद




ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशिकियान ने ईरान को सुरक्षा के लिए खतरा बताने वाली बातों को खारिज करते हुए कहा कि यह हकीकत के अनुरूप नहीं है। ईरान, अपने इसी नाम, चरित्र और पहचान के साथ मानव इतिहास की सबसे पुरानी और लगातार चली आ रही सभ्यताओं में से एक है। पजशिकियान के अमेरिका के लोगों के नाम लिखे लेटर को सरकारी मीडिया आउटलेट 'प्रेस टीवी' ने प्रकाशित किया है। ईरानी राष्ट्रपति ने लिखा- ईरान ने अपने आधुनिक इतिहास में कभी भी आक्रामकता, विस्तारवाद, उपनिवेशवाद या प्रभुत्व का रास्ता नहीं चुना है। ईरान ने कभी किसी युद्ध की शुरुआत नहीं की। फिर भी, जिसने भी उस पर हमला किया है, उसने उसका दृढ़ता और बहादुरी से मुकाबला किया है।

## ईरानी सत्ता जल्द ढह जाएगीः नेतन्याहू



इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस अभियान को लेकर कहा कि इजराइल और अमेरिका मिलकर ईरान सरकार को व्यवस्थित तरीके से कुचल रहे हैं। जल्द ही ईरान का शासन खत्म हो जाएगा। इजराइल इस क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण देशों के साथ नए गठबंधन बना रहा है ताकि ईरानी खतरे का मिलकर मुकाबला किया जा सके। उन्होंने साफ कहा कि यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी, जब तक उनके लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते। उन्होंने कहा कि आतंक फैलाने वाले तंत्र को काफी कमजोर कर दिया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस अभियान से ईरान की सत्ता हिल गई है और अब वह पहले जैसी मजबूत नहीं रही।

## इजराइल ने ईरान की फैक्ट्री पर किया हमला



इजराइल ने बुधवार तड़के दावा किया कि उसने ईरान में एक ऐसे प्लांट पर हमला किया है, जहां से फेंटानिल नामक शक्तिशाली सिंथेटिक ड्रग की आपूर्ति ईरान की सरकार को की जा रही थी। इजराइल का दावा है कि इस फेंटानिल ड्रग का इस्तेमाल रासायनिक हथियार बनाने में किया जा सकता था। ईरान सरकार ने भी तेहरान स्थित तोफिघ दारू फैक्ट्री पर हमले की पुष्टि की और इजराइल के दावे को खारिज कर दिया। ईरान ने जोर देकर कहा कि वहां केवल अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाली दवाओं का उत्पादन होता है।

## मारा गया हिजबुल्लाह का प्रमुख कमांडर इस्माइल हाशेमः आईडीएफ

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बुधवार को ऐलान किया कि इजराइली नौसेना ने बेरूत में हिजबुल्ला के कमांडर हज यूसुफ इस्माइल हाशेम को मार गिराया है। यह कार्रवाई मंगलवार को को की गई। हाशेम, हिजबुल्ला का दक्षिणी मोर्चे का कमांडर था। वह दक्षिण लेबनान में आतंकवादी संगठन की सैन्य गतिविधियों का प्रमुख था। सितंबर 2024 में हिजबुल्ला के पूर्व कमांडर अली कराकी और महासचिव हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद हाशेम ने यह पद संभाला था। हाशेम के पास 40 साल से अधिक का अनुभव था और वह संगठन में केंद्रीय भूमिका निभाटा था।

## पीएम ने की सीसीएस बैठक : एलपीजी पेट्रोल-डीजल व जरूरी सामानों पर मंथन



**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर मोदी की अध्यक्षता में बुधवार शाम को कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक हुई। इसमें पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारत में मौजूदा हालात की समीक्षा की गई। मीटिंग में अमित शाह, एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, शिवराज सिंह चौहान, जेपी नड्डा, अश्विनी वैष्णव, मनोहर लाल खट्टर, प्रल्हाद जोशी, किंजरापु राममोहन नायडू और हरदीप सिंह पुरी समेत कई केंद्रीय मंत्री शामिल रहे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, पीएम के प्रमुख सचिव पी.के. मिश्रा और शक्तिकांत दास और कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन भी मीटिंग में शामिल हुए। इस दौरान आम लोगों की जरूरी जरूरतों जैसे खाद्य, एलपीजी और पेट्रोल-डीजल उपलब्धता पर चर्चा की गई। पिछले 10 दिनों के भीतर सीसीएस की यह दूसरी बैठक है। इससे पहले 23 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने मीटिंग की अध्यक्षता की थी। इसमें भारत पर पश्चिम एशिया में संघर्ष के प्रभाव को कम करने के उपायों का आकलन किया गया था।

**नागपुर-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हादसा**

## ट्रक और टेम्पो में टक्कर आठ महिलाओं की मौत



एजेंसी ▶▶ जालना

महाराष्ट्र के जालना जिले में नागपुर-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बुधवार शाम तेज रफ्तार ट्रक ने एक टेम्पो को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 8 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। सभी पीड़ित मजदूर हैं। हादसा कडवांची गांव के पास तब हुआ जब महिला मजदूर एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम खत्म कर टेम्पो से घर लौट रही थीं। टेम्पो स्टार्ट होने ही वाला था कि मुंबई की ओर जा रहे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और शव सड़क पर बिखर गए। टेम्पो में कुल 11 लोग सवार थे, जिनमें से 7 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आठ लोगों की मौत अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।




**अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का दावा**

## यूएस-भारत संबंधों को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप गंभीर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका और भारत के संबंधों को लेकर बेहद गंभीर हैं और इन्हें मजबूत बनाने में व्यक्तिगत रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप दोनों देशों के बीच के रिश्तों को बहुत अहमियत देते हैं। सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस मुलाकात की जानकारी साझा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि वे कुछ दिनों के लिए अमेरिका वापस आए हैं। उनकी पहली मुलाकात व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई। गोर ने बताया कि राष्ट्रपति दोनों देशों के संबंधों को लेकर काफी गंभीर हैं। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ ओवल ऑफिस की एक तस्वीर भी पोस्ट की। राजदूत द्वारा साझा तस्वीर के अनुसार, मार्को रुबियो भी ओवल ऑफिस में हुई इस बैठक में मौजूद थे।

**भारत में रूस के राजदूत डेनिस बोले**

## भारतीय तेल बाजार पर यूएस का दबाव मंजूर नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


डेनिस अलिपोव

भारत के तेल बाजार को लेकर अमेरिका के दबाव के आरोपों पर रूस ने कड़ा रुख अपनाया है। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलिपोव ने कड़े शब्दों में कहा है कि उनका देश अंतरराष्ट्रीय राजनीति में किसी भी तरह के अमेरिकी दबाव को पूरी तरह खारिज करता है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर कायम है। डेनिस अलिपोव ने कहा कि अमेरिका की ओर से भारत के बाजार में रूस के लिए बाधाएं खड़ी करने की कोशिशें वैश्विक व्यापार और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिहाज से बिल्कुल सही नहीं हैं। अलिपोव ने कहा कि हम साफ तौर पर देख रहे हैं कि अमेरिका भारत के बाजार में रूस के लिए बाधाएं खड़ी करने की कोशिश कर रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों और व्यापार के लिए सही तरीका नहीं है। हम भारतीय तेल बाजार पर अमेरिकी दबाव को खारिज करते हैं। भारत एक स्वतंत्र विदेश नीति का पालन करता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28